# विशाल इंडिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष: 13 | अंक: 212 | गौतमबुद्धनगर, रविवार 30 जून 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3

नोएडा बायोडायवर्सिटी पार्क में बनेगा 30 एकड़




P- 4

कानपुर में बी-फार्मा छात्र को अगवा करके बेल्ट से पीटा



P- 5

रोहित शर्मा हमें न सिखाएं कि या कहना है और या नही



P- 6

द्रविड़ और रोहित ने कोहली का समर्थन किया, कहाटी20 विश्व कप



## हैप्पी मॉर्निंग

पति- ये कैसी दाल बनाई है ना नमक है, ना मिर्च है, बिल्कुल फीकी है। तुम सारा दिन मोबाइल में लगी रहती हो, कुछ पता नहीं चलता क्या डालना है क्या नहीं। पत्नी- (बेलन दिखाते हुए) पहले तुम मोबाइल साइड में रख कर खाना खाओ, कब से देख रही हूं। पानी में भिगोकर रोटी खा रहे हो।



## शायरी

कहाँ ले जाओगे किसान के हक का दाना,
इस दुनिया को एक दिन तुमको भी है छोड़ जाना!

## अर्थसार

सेंसेक्स:
79,032.73
-210.45 (0.27%)
निफ्टी:
24,010.60
-33.90



## मौसम



अधिकतम : 34 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से
सूयोदय सोमवार : 5 : 30
सूर्यास्त रविवार : 7 : 24

# 17 साल बाद भारत बना फिर बना टी20 का शहंशाह



बारबाडोस 29 जून (वार्ता) एक अरब 40 करोड़ भारतीयों की दुआओं और उम्मीदों पर खरा उतरते हुये रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने एकजुटता,साहस और संयम के तालमेल का अदभुद प्रदर्शन करते हुये शनिवार को दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हरा कर टी20 विश्वकप 17 साल बाद भारत की झोली में डाल दिया।

इससे पहले भारत के हाथ आईसीसी एक दिवसीय वर्ल्ड कप 2011 में आया था जिसके बाद भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्राफी अपने नाम की थी। इस लिहाज से भारत के हाथ 11 साल बाद कोई आईसीसी ट्राफी हाथ आयी है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिये यह विश्वकप काफी अहम था क्योंकि दोनो ही दिग्गज खिलाड़ी जल्द ही टी20 फार्मेट से सन्यास ले सकते हैं। कोच राहुल द्रविड़ के लिये भी यह विश्वकप काफी मायने रखता था। द्रविड़ की कप्तानी भारत 2007 में एक दिवसीय विश्वकप में ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था।

भारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुये सात विकेट पर 176 रन बनाये जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम आठ विकेट पर 169 रन ही बना सकी। 17 साल बाद यह पहला मौका है जब भारत ने टी20 विश्वकप को अपने नाम किया है। इससे पहले महेन्द्र सिंह धोनी की अगुवाई में 2007 में भारत ने पहली बार टी20 का विश्वकप जीता था।

हाइनरिक क्लासन (52) और डेविड मिलर (21) की जाबांज बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका आसानी से भारत द्वारा दिये गये लक्ष्य के करीब पहुंच रहा था और उसे 30 गेंदों पर 30 रन की दरकार थी। इस नाजुक मौके पर हार्दिक पांड्या (20 रन पर तीन विकेट) ने क्लासन का विकेट चटका कर भारत की उम्मीदों को हवा दी जिसके बाद सूर्य कुमार यादव ने हार्दिक की गेंद पर डेविड मिलर का बाउंड्री लाइन पर एक बेहतरीन कैच पकड़ कर मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया।

विराट कोहली (76) की सूझबूझ भरी अर्धशतकीय पारी और अक्षर पटेल (47) के साथ 72 रनों की महत्वपूर्ण भागीदारी की मदद से भारत ने सात विकेट पर 176 रनो का स्कोर खड़ा किया। लगभग पूरे टूर्नामेंट में खामोश रहने वाला विराट का बल्ला आज खिताबी मुकाबले में जम कर दहाड़ा। विराट ने मार्को जानसन के पहले ओवर में तीन चौके लगाकर अपने इरादों का इजहार किया। भारत ने पहले ओवर में 15 रन जुटाये,उस समय लग रहा था कि इस पिच पर 200 से ऊपर का स्कोर खड़ा हो सकेगा मगर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी करते हुये पहले पावर प्ले में ही भारत के तीन महत्वपूर्ण विकेट रोहित शर्मा (9), ऋषभ पंत (0) और सूर्यकुमार यादव (3) का विकेट झटक कर नीली जर्सी वाली टीम को बैकफुट पर धकेल दिया और मैदान पर सन्नाटा छा गया।

# लद्दाख में नदी में फंसा टैंक, 5 जवानों की मौत

## एक्सरसाइज से लौट रहे थे जवान, रात एक बजे नदी में पानी बढ़ने से हादसा हुआ



लेह। लद्दाख के न्योमा-चुशूल इलाके में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के पास श्योक नदी का जलस्तर बढ़ने से सेना के 5 जवान बह गए। सभी की मौत हो गई है। इनमें एक जूनियर कमिशन्ड ऑफिसर भी थे। घटना शुक्रवार (28 जून) की रात करीब 1 बजे की है। जानकारी शनिवार (29 जून) को सामने आई।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सेना के जवान मिलिट्री एक्सरसाइज के बाद देर रात टी-72 टैंक से लौट रहे थे। मिलिट्री टैंक ईस्टर्न लद्दाख के सासेर ब्रांगसा में श्योक नदी पार कर रहा था, तभी पानी का लेवल अचानक बढ़ गया और जवान टैंक सहित नदी में डूबने लगे। लेह की फायर एंड फ्यूरी 14 कॉर्प्स के मुताबिक, हादसा एलएसी के चुशूल से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास हुआ।

रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं, लेकिन नदी में तेज बहाव और जलस्तर के कारण जवानों को बचाया नहीं जा सका। पांचों जवानों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनकी पहचान रिसालदार एमआर के रेड्डी, दफादार भूपेंद्र नेगी, लांस दफादार अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान और नागराज पी के रूप में हुई है।

## पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाका; 3 की मौत एक घायल

विरुधुनगर (तमिलनाडु)। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में सत्तूर के पास एक पटाखा फैक्ट्री में शनिवार को हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। न्यूज एजेंसी से बात करते हुए विरुधुनगर के जिला कलेक्टर ने कहा कि विरुधुनगर जिले में सत्तूर के पास एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई वहीं एक घायल हो गया। घायल का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले पर आगे की जानकारी का इंतजार है। बता दें कि पिछले महीने विरुधुनगर जिले के शिवकाशी के पास नारायणपुरम पुदुर में एक पटाखा निर्माण फैक्ट्री में विस्फोट हुआ था। आग की घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाई।

# गंगा का जलस्तर बढ़ा, 8 गाड़ियां बहीं

## दिल्ली में एक दिन में 4 महीने जितनी बारिश, 2 दिन में 11 लोगों की मौत



नई दिल्ली। देशभर में कुछ राज्यों को छोड़कर मानसून लगभग पूरी तरह एक्टिव हो चुका है। उत्तराखंड में भारी बारिश की वजह से शनिवार को गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे 8 कारें बह गईं।

उधर, दिल्ली में 28 जून को 24 घंटों में 9 इंच बारिश हुई, जो जून 1936 में एक दिन में 9.27 इंच बारिश के बाद दूसरी सबसे ज्यादा बारिश है। इससे न केवल जून बल्कि मार्च से अब तक, यानी 4 महीने का कोटा पूरा हो गया।

दिल्ली में बारिश के कारण अलग-अलग घटनाओं में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। कल 5 लोगों की जान गई थी। शुक्रवार रात एक अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के गड्ढे में 3 मजदूर गिर गए थे। बारिश के कारण गड्ढे में पानी भरा था। आज सुबह तीनों मजदूरों के शव निकाले गए।

इधर, आउटर दिल्ली के एसपी बादली इलाके में शनिवार दोपहर सिरसपुर अंडरपास में भरे पानी में दो लड़के डूब गए। ओखला इलाके के अंडरपास में दिग्विजय कुमार चौधरी (60) नाम के व्यक्ति का शव मिला। सामने आया कि वो बीते 24 घंटे से पानी में डूबे हुए थे।

आईएमडी ने शनिवार (29 जून) को 27 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, गोवा, महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली, छत्तीसगढ़, बिहार, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कर्नाटक शामिल हैं।

**एनकाउंटर** — गाजियाबाद में भतीजे ने सिपाही को मारी गोली, पिस्टल छीनने में लगी गोली

# पुलिस पर फायरिंग करके चाचा को छुड़ाया...एनकाउंटर में ढेर

गाजियाबाद। गाजियाबाद में शुक्रवार शाम पुलिस एनकाउंटर में बदमाश रिहान मारा गया। रिहान ने पहले पुलिस पर फायरिंग करके अपने चाचा को छुड़ाया। फिर हेड कॉन्स्टेबल को गोली मारी। पुलिस ने जब पकड़ा तो उसी की बंदूक से चली गोली उसकी जांघ में लगी। अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

रिहान के खिलाफ लोनी थाने में रंगदारी, हत्या का प्रयास और मारपीट जैसे 4 मुकदमे दर्ज थे। पुलिस का कहना है कि रिहान और उसका पूरा परिवार ही अपराध में लिप्त है। महिलाएं भी जेल जा चुकी हैं। रिहान की मौत से पहले एक वीडियो सामने आया है। 9 सेकेंड के वीडियो में वो खुलेआम पुलिस पर गोली चलाते दिख रहा है।

### चोरी में वांटेड है चाचा, उसी को पकड़ने पुलिस गई थी

शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे दिल्ली की गोकुलपुरी पुलिस ने गाजियाबाद में लोनी की प्रेम नगर कॉलोनी में मन्नू के घर दबिश दी। यहां मन्नू नहीं मिला। पता चला कि वो अंकुर विहार थाना क्षेत्र की डाबर तालाब कॉलोनी के एक घर में छिपा हुआ है। दिल्ली पुलिस ने डाबर तालाब कॉलोनी के एक घर से मन्नू को पकड़ा। उसको साथ ले जाने लगी तो भतीजा रिहान घर से निकला।



उसने सड़क पर खुलेआम पुलिस पर गोली चला दी।

### पिस्टल छुड़ाने के प्रयास में दबा ट्रिगर, जांघ में लगी गोली

अचानक फायरिंग होने से पुलिस को मन्नू को छोड़ दिया। रिहान और मन्नू भाग कर वहां के एक घर में छिप गए। पुलिस घर के बाहर दोनों बदमाशों के बाहर निकलने का इंतजार करने लगी। इसी बीच दिल्ली पुलिस ने गाजियाबाद पुलिस को मामले की सूचना दी। तुरंत गाजियाबाद पुलिस की एसओजी टीम के एक सब इंस्पेक्टर और चार हेड कॉन्स्टेबल वहां पहुंचे। जैसे ही हेड कॉन्स्टेबल विजय राठी ने उस घर का दरवाजा खोला, सामने खड़े रिहान ने पिस्टल से सीधे गोली चलाई। ये गोली विजय के कंधे में लगी। रिहान के हाथ में लोडेड पिस्टल थी। तभी पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। उसके हाथ से पिस्टल लेने की कोशिश की। तभी ट्रिगर दबने से गोली चली और रिहान की जांघ में जा लगी। पुलिस रिहान को लेकर जीटीबी हॉस्पिटल पहुंची। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस दौरान मन्नू वहां से भाग गया।

### मन्नू की गिरफ्तारी को लगाई कई टीमें

रिहान के चाचा सोहेल उर्फ मन्नू पर पानीपत, बागपत, नोएडा और गाजियाबाद में 10 मुकदमे दर्ज हैं। डीसीपी विवेक चंद यादव ने बताया- मन्नू फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमें लगा दी गई हैं। घायल हेड कॉन्स्टेबल की हालत अब खतरे से बाहर है।

# दिल्ली : सिरसपुर अंडरपास में हुए जलभराव में डूबकर दो बच्चों की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली में बारिश मौत लेकर आई है। शुक्रवार से शनिवार तक बारिश के कारण बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो चुकी है। दो बच्चों की मौत आज सिरसपुर अंडरपास में हुई है। वो बारिश की वजह से हुए जलभराव में नहाने गए थे और डूब गए।

पुलिस के अनुसार, पुलिस को घटना के बारे में सूचना दोपहर ढाई मिली थी। एक बच्चे की पहचान गोपाल पुत्र धर्मेंद्र निवासी सिरसपुर के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि बच्चों की मौत डूबने से हुई है।

सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि पानी में करंट बहने से बच्चों की मौत हुई है। मरने वाले दोनों बच्चों की उम्र 11 से 12 वर्ष के बीच बताई जा रही है। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने बच्चों का शव पानी से निकाला है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। आगे की जांच पुलिस कर रही है। आज ही इस अंडरपास में जलभराव और बच्चों के नहाने की खबर जागरण ने बाहरी दिल्ली के पुलाउट सचित्र प्रमुखता से प्रकाशित की है, जिसमें बच्चे नहाते हुए भी दिख रहे हैं।

उस्मानपुर यमुना खादर में शुक्रवार को हुई बारिश के कारण गड्ढे में हुए जलभराव में नहा रहे दो बच्चे डूबकर मर गए। गड्ढा करीब पांच फीट गहरा था। मृतकों की पहचान कासिम (10) और सलमान (8) के रूप में हुई है।

# एनआईए ने छत्तीसगढ़ में नक्सल ठिकानों पर की छापेमारी, दो गिरफ्तार



कांकेर/जगदलपुर/बस्तर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार की देर रात को नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के कट्टर सदस्यों की गिरफ्तारी और हथियार बरामदगी मामले में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के कम से कम छह स्थानों पर गहन तलाशी ली तथा इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार किया।

एनआईए ने देर रात छह स्थानों पर दबिश देकर गहन तलाशी ली। इस दौरान टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। साथ ही मोबाइल, प्रिंटर, नगदी और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किया है। यह पूरा मामला नक्सल मामले से जुड़ा है। इस दौरान कांकेर जिले के आधा दर्जन स्थानों सुदूरवर्ती गांवों मुजालगोंडी, कलमुच्चे, आमाबेड़ा और जिवालमारी में तलाशी कर कई मोबाइल फोन, एक प्रिंटर और 39,100 रुपये की नकदी के साथ ही आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए मामले की जांच जारी रखे हुए है, जिसे स्थानीय पुलिस ने पांच फरवरी 2024 को दर्ज किया था और 22 फरवरी को एनआईए ने अपने हाथ में ले लिया था। एनआईए की ओर से शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार क्षेत्र में छह स्थानों पर गहन तलाशी ली गई।

जिन छह ठिकानों में तलाशी ली गई, वे कांकेर जिले के सुदूरवर्ती गांवों मुजालगोंडी, कलमुच्चे, आमाबेड़ा और जिवालमारी में स्थित हैं।

# दिल्ली : इमारत के गड्ढे में गिरे तीनों मजदूरों के शव बरामद

नई दिल्ली। वसंत विहार इलाके में शुक्रवार को एक निर्माण स्थल पर गिरी दीवार के मलबे से शनिवार को तीन मजदूरों के शव निकाले गए हैं। शुक्रवार को निर्माणाधीन दीवार ढह गई थी।

शुक्रवार सुबह साढ़े पांच बजे दमकल विभाग को घटना की सूचना मिली थी। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मलबे से तीन मजदूरों के शव निकाले गए हैं। इनमें से दो की पहचान संतोष कुमार यादव (19) और संतोष (38) के रूप में हुई है। तीसरे मजदूर की अभी पहचान नहीं हो पाई है। मलबे को हटाने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया गया और शवों को निकालने के लिए नींव के गड्ढे से पानी निकाला गया।

उन्होंने बताया कि शवों को सफदरजंग अस्पताल भेज दिया गया है। मलबे में किसी के फंसे होने की आशंका को देखते हुए तलाशी अभियान चल रहा है। राहत बचाव के काम में एनडीआरएफ की टीम भी जुटी है।




# संपादकीय

## वर्ल्ड कप विजय : भारतीय क्रिकेट का स्वर्णिम पल



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

कल के टी 20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारतीय टीम ने अद्वितीय प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए, जो टी 20 वर्ल्ड कप के फाइनल में सबसे बड़ा स्कोर है। इस शानदार प्रदर्शन ने टी 20 वर्ल्ड कप के फाइनल में एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया।

### मैच का संक्षिप्त विवरण

भारतीय टीम ने पावरप्ले में धीमी शुरुआत की और 34/3 के स्कोर पर संघर्ष कर रही थी। लेकिन विराट कोहली, अक्षर पटेल और हार्दिक पांड्या की बेहतरीन पारियों ने टीम को मजबूती दी और एक बड़ा स्कोर खड़ा करने में मदद की।

### विराट कोहली

विराट कोहली ने 59 गेंदों पर 76 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उनकी संयमित और आक्रामक बल्लेबाजी ने टीम को स्थिरता प्रदान की और एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

### अक्षर पटेल

अक्षर पटेल ने 31 गेंदों पर 47 रन बनाए, जिसमें 1 चौका और 4 छक्के शामिल थे। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने टीम को मजबूती दी और विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा।

### शिवम दुबे

शिवम दुबे ने 16 गेंदों पर 27 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे टीम को अंतिम ओवरों में आवश्यक गति मिली।

### हार्दिक पांड्या

हार्दिक पांड्या ने 18 गेंदों पर 32 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने अंतिम ओवरों में टीम को तेजी से रन बनाने में मदद की।

### बड़े रिकॉर्ड

- 176/7 – भारत बनाम साउथ अफ्रीका, ब्रिजटाउन, 2024
- 173/2 – ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड, दुबई, 2021
- 172/4 – न्यूजीलैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया, दुबई, 2021

### भारतीय गेंदबाजी

जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को दबाव में रखा। बुमराह ने 4 ओवर में 2 विकेट लिए जबकि अर्शदीप सिंह ने 4 ओवर में 3 विकेट चटकाए।

### मैच का महत्व

इस जीत ने भारतीय क्रिकेट को एक नया मुकाम दिया है और यह जीत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक रहेगी। भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह जीत एक बड़ा उत्सव है और यह विजय देश को गर्व से भर गई है।

## खाद्य पदार्थों में मिलावट

खाद्य या आहार को किसी व्यक्ति के भरण-पोषण, विकास और वृद्धि के लिए मूलभूत आवश्यकता माना जाता है। हाल ही में राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत गुणवत्ता परीक्षणों में कई प्रमुख मसाला ब्रांड विफल रहे, जिसमें एमडीएच, एवरेस्ट, गजानंद, श्याम और शीबा ताजा जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के नमूने उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाए गए। इनमें कीटनाशक के अवशेष और अन्य हानिकारक रसायन मिले हैं। यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी मिलावट की घटनाएं पाई गई हैं। ऐसी घटनाएं खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के प्रति गंभीर चिंताओं को उजागर करती हैं, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और वैश्विक व्यापार में भारत की साख पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

ऐसी समस्या के लिए अब किसानों को जिम्मेदार ठहराया जाने लगा है, क्योंकि वे अपनी फसल सुरक्षा और उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर रासायनिक का उपयोग करते हैं। लेकिन किसानों को दोषी ठहराना अनुचित है। यह एक जटिल और बहुआयामी समस्या है, जिसमें किसानों की भूमिका बहुत कम है। कई छोटे और सीमांत किसानों के पास आधुनिक कृषि पद्धतियों और सुरक्षित रसायनों के बारे में जानकारी की कमी होती है। ज्ञान और जागरूकता की कमी उन्हें अनजाने में हानिकारक रसायनों का उपयोग करने के लिए मजबूर करती है।

गंभीर आर्थिक दबाव में फंसे किसान अधिकतम उत्पादन के लिए तेजी से परिणाम देने वाले रसायनों का उपयोग करने के लिए मजबूर होते हैं। पर्याप्त निगरानी और प्रवर्तन की कमी के कारण, बाजार में हानिकारक और प्रतिबंधित रसायन आसानी से मिलते हैं। किसानों को अक्सर इन रसायनों की सुरक्षा और कानूनी स्थिति के बारे में नहीं बताया जाता है।

निस्संदेह आज कृषि क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है, जिसमें सरकार की नीतियों और संरचनात्मक बदलावों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। किसानों को सुरक्षित कृषि पद्धतियों की ओर प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत समर्थन, वित्तीय सहायता और उचित बाजार पहुंच आवश्यक है। इसके बिना, किसानों को दोषी ठहराना समाधान की दिशा में सही कदम नहीं माना जा सकता।

एक मजबूत ट्रेसिबिलिटी सिस्टम की कमी खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में मिलावट, संदूषण और अनैतिक प्रथाओं के लिए गुंजाइश बनाती है। सब्जियों और फलों में कीटनाशक अवशेषों की अधिक मात्रा, दूध उत्पादों में हानिकारक रसायनों की मौजूदगी और मसालों में मिलावट की घटनाएं स्थिति की गंभीरता को उजागर करती हैं। हालांकि इन चिंताओं को दूर करने के लिए फूड सेफ्टी ऐंड स्टैंडर्ड रूल्स, 2011 के संशोधन से ट्रेसिबिलिटी को अनिवार्य कर आपूर्ति श्रृंखला में खाद्य की उत्पत्ति और आवाजाही को ट्रैक करने की क्षमता पर जोर दिया गया है। यदि यह प्रणाली प्रभावी ढंग से लागू की जाती है, तो हर हितधारक को जवाबदेह बनाया जाएगा और यह प्रणाली मिलावट की प्रथाओं को रोकेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की साख बढ़ाएगी।

हालांकि, संभावित लाभों के बावजूद, 2011 का संशोधन काफी हद तक लागू नहीं हो पाया है, जिसके कारणों में बुनियादी ढांचे की कमी, लॉजिस्टिक चुनौतियां और छोटे व सीमांत किसानों को डिजिटल प्रणाली में एकीकृत करने की आवश्यकता शामिल है। खाद्य सुरक्षा मानकों के बारे में चिंताओं के कारण भारतीय कृषि निर्यात को खारिज कर दिया जाता है। इससे किसानों के लिए कम कीमतें और निर्यात के अवसर खत्म हो सकते हैं। यह विश्वसनीय उत्पादक और निर्यातक के रूप में भारत की छवि को कमजोर करती है।

इस समस्या के समाधान के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। किसानों को समर्थन और संसाधन प्रदान करना महत्वपूर्ण है, ताकि वे सुरक्षित और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाकर खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता को सुनिश्चित कर सकें। सरकार को बुनियादी ढांचे और क्षमता निर्माण में निवेश को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

# असुविधा की सड़कों का टोल-टैक्स ज्यादती है

- ललित गर्ग -




बेहतर सेवाओं के नाम पर सरकारें कई तरह के शुल्क वसूलती है, इसमें कोई आपत्ति एवं अतिश्योक्ति नहीं है। लेकिन सेवाएं बेहतर न हो फिर भी उनके नाम पर शुल्क या कर वसूलना आपत्तिजनक एवं गैरकानूनी है। यह एक तरह से आम जनता का शोषण है, धोखाधड़ी है। राजमार्ग एवं अन्य मार्गों पर बेहतर एवं सुविधाजनक सड़कों के नाम पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूला जाता है, लेकिन विडम्बना एवं त्रासदी यह है कि टूटी-फूटी सड़कों के नाम पर भी टोल वसूला जाता है, जो अन्यायपूर्ण एवं आपत्तिजनक है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हालिया बयान में जनता के इस बड़े होते दु:ख, धोखाधड़ी एवं शोषण पर न केवल दु:ख जताया बल्कि ऐसी जबरन की जा रही वसूली को रोकने के लिये अधिकारियों को चेताया है। अपनी बात को बेबाकी से कहने वाले नितिन गडकरी ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सड़कें अच्छी हालत में न हों और लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो, तो राजमार्ग पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूलने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स वसूलने से पहले हमें अच्छी सेवाएं देनी चाहिए। लेकिन हम अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये टोल टैक्स वसूलने की जल्दी में रहते हैं। रोड टैक्स का उपयोग राज्य के भीतर सड़कों के रखरखाव और विकास के लिए किया जाना चाहिए न कि सरकार की आमद को बढ़ाने के लिये। ऐसे अनेक उदाहरण है कि बिना सुविधा एवं आवश्यकता के भी टोल टैक्स वसूला जा रहा है। राज्य सरकारें भी स्वतंत्र रूप से टोल वसूलती है। दूसरी ओर, टोल टैक्स एक उपयोगकर्ता शुल्क है जिसे वाहन मालिकों को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या निजी ठेकेदारों को कुछ टोल सड़कों, जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेसवे, पुल और सुरंगों का उपयोग करने के लिए देना पड़ता है। जो अन्य सड़कों की तुलना में इन सड़कों को उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की माना जाता है। निश्चित रूप से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क-क्रांति की है बल्कि व्यवस्था की खामियों को सुधारने के भी सराहनीय प्रयास किये हैं।


किसी देश को विवेकपूर्ण, बेहतर सुविधाओं एवं विकास के नये मानकों के साथ चलाने के लिए सरकार को पात्र नागरिकों से बेहतर सुविधाओं के लिये कर एकत्र में कोई ऐतराज नहीं है; लेकिन सड़कें हो या अन्य सुविधाएं, अच्छी नहीं होने पर भी टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने पर उपभोक्ता स्वयं को ठगा हुआ एवं शोषित महसूस करता है, जिसके कारण टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने वाली एजेन्सियों के खिलाफ शिकायतें बढ़ती जा रही है। टोल टैक्स प्रणाली सरकार या निजी ठेकेदारों के लिए राजस्व सृजन का स्रोत नहीं होनी चाहिए, बल्कि जनता के लिए बेहतर और सुरक्षित सड़कें उपलब्ध कराने का साधन होनी चाहिए। निश्चित तौर पर गुणवत्ता की सेवा दिए बिना कोई टैक्स वसूलना उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी एवं अन्याय है। यह बात हर सरकारी व निजी महकमे पर भी लागू होती है। लेकिन यथार्थ में ऐसा होता नहीं है और बेहतर सेवा के बिना टैक्स वसूलने की स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही है। इन स्थितियों को लेकर आम जनता एवं उपभोक्ताओं में विरोध एवं विद्रोह पनप रहा है, इसलिये सरकार एवं ऐसी एजेन्सियों के खिलाफ लोग लोक अदालतों से लेकर विभिन्न अदालतों के दरवाजे खटखटाते रहते हैं। किसी भी विभाग को अपनी खामियों पर पर्दा डालने के बजाय सेवा में सुधार की पहल करनी चाहिए। अब चाहे मामला राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्यरत एजेंसियों का हो या फिर बिजली-पानी जैसे मूलभूत जरूरतों वाले विभागों का, अधिकारियों को उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार होना चाहिए। नियंत्रण से बाहर होती हमारी व्यवस्था हमारे लोक-जीवन को न केवल अस्त-व्यस्त कर रही है, बल्कि आहत, पीड़ित एवं परेशान भी कर रही है। ऐसी अनेक सुविधाएं हैं जो सरकार के द्वारा जनता के लिये उपलब्ध कराई जाती है, इसके लिये सरकार टैक्स वसूलती है। लेकिन बिना सुविधा के भी टैक्स वसूलने की स्थितियां सरकार पर बदनूमा दाग है और ऐसे दाग लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बहरहाल बात राजमार्गों पर वसूले जा रहे गैर वाजिब टोल टैक्स के बढ़ने की चिन्ता का है, जो एक त्रासदी है। इसी त्रासदी को केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री ने स्वीकारा और कहा कि सड़कें अच्छी नहीं होने पर तमाम शिकायतें हमें मिलती हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हैं। सही मायनों में गुणवत्ता की सड़क प्रदान करने पर ही हमसे टोल वसूलने का अधिकार मिलता है। जाहिर सी बात है कि गड्ढों व कीचड़ वाली सड़कों पर टैक्स वसूलने पर पब्लिक की नाराजगी स्वाभाविक रूप से सामने आएगी। निस्संदेह, परिवहन मंत्री की स्वीकारोक्ति एक अच्छा कदम एवं स्वागतयोग्य कदम है और हर विभाग के मंत्री को अपने अधीनस्थ विभागों की ऐसी कारगुजारियों एवं ज्यादतियों पर नजर रखनी चाहिए। जरूरत इस बात की भी है कि ऐसी शिकायत दर्ज करने और शिकायतों के तुरंत निवारण हेतु एक स्वतंत्र तंत्र भी विकसित किया जाना चाहिए।

कई स्थानों पर सड़कों की गुणवत्ता में कमी, सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों का उजागर होना, गैरवाजिब टोल टैक्स वसूला जाना, उपभोक्ताओं को परेशान करता है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स चुकाने के लिये घंटों लाइन में लगना भी एक बड़ी समस्या है, भले ही इस समस्या से मुक्ति के लिये सरकार ने कदम उठाये हैं, फास्टैग व्यवस्था के लागू करने से लाइनें छोटी हुई है। आज 98 प्रतिशत वाहनों में स्मार्ट टैग के माध्यम से निर्बाध यात्रा की जा रही है। निश्चित तौर पर राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे आदि के बनने से यात्रियों का आवागमन सुविधाजनक हुआ है, पेट्रोल-डीजल में बचत हुई है एवं यातायात सुगम बना है। मोदी सरकार ने सड़कों को सुविधाजनक बनाया है। आने वाले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम आधारित टोल संग्रह प्रणाली को अंजाम देने की तैयारी में है। जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल गेटों की जरूरत नहीं रह जाएगी। फिर टोल प्लाजा पर गाड़ी धीमी करने व रोकने की भी जरूरत नहीं रहेगी। इसे देश में चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। यह व्यवस्था सड़क-क्रांति को एक नई दिशा देगा। दरअसल, यह नया सिस्टम न केवल सही ट्रैकिंग कर पाएगा बल्कि यह राजमार्ग पर उपयोग की गई दूरी के आधार पर सटीक टोल गणना भी करेगा। बहुत संभव है आने वाले वर्षों में कार निर्माता कंपनियां अपने वाहनों पर ट्रैकिंग डिवाइस लगाएं। प्रारंभ में इस सिस्टम को प्रमुख हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर लागू किया जाएगा। इसके बावजूद सरकार के लिये यह जरूरी है कि वह सड़कों की गुणवत्ता को बनाये रखे एवं गुणवत्ता वाली सुविधा की सड़कों पर ही टोल वसूले।

राजमार्गों पर यात्रा करने के दौरान आपके बैंक खाते या डिजिटल वॉलेट से पैसा कट जाता है। इसमें भी गलत तरीके से पैसे कटने की शिकायतें बढ़ती जा रही है। किसी व्यक्ति के फास्टैग से बिना टोल से गुजरे टोल टैक्स काट लिया जाता है या ज्यादा टोल वसूल लिया जाता है, जो उपभोक्ताओं के लिये परेशानी का सबब है। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की 2019 की एक रिपोर्ट के अनुसार, सड़क निर्माण और रखरखाव के अपने लक्ष्यों को हासिल करने में विफल रहा है। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि एचएचआई ने टोल अनुबंधों को आकार देने और निगरानी के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया है और टोल सड़कों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की है। रिपोर्ट में टोल संग्रह प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी और दोषपूर्ण टोल प्लाजा, ओवरचार्जिंग और लंबी कतारों के कारण सड़क उपयोगकर्ताओं को होने वाली परेशानी और असुविधा पर भी प्रकाश डाला गया है। इन सभी हालातों को देखते हुए भारत में राजमार्गों एवं सुविधा की सड़कों के नाम पर हो रही टोल टैक्स वसूली को औचित्यपूर्ण एवं न्यायसंगत बनाने की अपेक्षा है। सुविधा के नाम असुविधाओं, असुरक्षा एवं धोखाधड़ी की बढ़ती स्थितियों को गंभीरता से लेना होगा।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3228




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 3227 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका से कहा- ''आज हम पूरा मजा लूटेंगे ! मैनें फिल्म के तीन टिकटों का प्रबन्ध कर लिया है.''

''तीन टिकट ?''

''हां !''

''मगर हम तो दो हैं.''

''हां ! हम तो दो ही हैं.''

''फिर तीन टिकट किसलिए ?''

''एक तुम्हारी मां के लिए ! दूसरा तुम्हारे पिता के लिए और तीसरा तुम्हारे छोटे भाई के लिए !'' प्रेमी ने रहस्य खोलते हुए कहा.

□ □ □

''चौकीदार !''

''जी !''

''तुम ठीक से पहरा तो देते नहीं हो और पैसे मांगने आ जाते हो ?''

''देता हूं सरकार !''

''झूठ बोलने की कोशिश मत करो ! रात बारह बजे के बाद तुम्हारी आवाज ही सुनाई नहीं पड़ती !''

''साहब ! उस समय मैं दूसरों की आवाजें सुना करता हूं.''

□ □ □

प्रेमी- 'तुम्हारी एक मुस्कान के लिए मैं हजार बार जान निछावर करने के लिए तैयार हूँ.'

प्रेमिका- तुम्हारे एक बार जान निछावर करने के लिए मैं हजार बार मुस्कुरा सकती हूं.

## फिल्म वर्ग पहेली - 3228



### बायें से दायें:-

१. ऋषिकपूर, मनीषा की 'दिल की कही ना जाए' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं नाचूँ बिन पायल' गीत वाली रितिक, करिश्मा, नेहा की फिल्म-२
६. कृतिका, सोनू की 'सुबह सुबह जब खिड़की' गीत वाली फिल्म-२
७. 'तेरी गलियों में ना' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
९. फिल्म 'चोरी चोरी' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१०. फिल्म 'रणभूमि' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१२. ऋषिकपूर, डिम्पल की 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'पिया तू अब तो आजा' गीत वाली फिल्म 'कारवाँ' का नायक-३
१४. प्रशांत, ऐश्वर्या की 'कोलंबस कोलंबस' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली मनोज वाजपेयी, तब्बू की फिल्म-२
१६. जैकी, जूही, अमृता की 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दम भर जो उधर मुँह फेरे' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-३
२०. धर्मेन्द्र, हेमा की 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
२१. 'यादें' में रितिक की नायिका -३
२३. अमिताभ, मौसमी की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मेरी जाँ प्यार करो' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी, रंजीता की फिल्म-२
२८. शत्रुघ्न, मिथुन, हेमा, अनिल राज की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देवआनंद, माला की फिल्म-२
३०. 'अगर जिंदगी हो तेरे संग हो' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'चंदा ने दी चाँदनी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१

### ऊपर से नीचे:-

१. 'हँसदे हँसदे' गीत वाली कमल हासन, रवीना, मनीषा की फिल्म-३
२. अमिताभ, शाहरूख, उदय चोपड़ा, ऐश्वर्या, किम शर्मा, प्रीति की फिल्म-४
३. 'आजा आजा गिव मी ए' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
५. 'दिल क्यों धड़कता है' गीतवाली फिल्म-३
६. 'सुनिये तो रूकिये तो' गीत वाली शाहरूख, जूही चावला की फिल्म-२,२
८. फिल्म 'सवेरे वाली गाड़ी' में नायक-२
११. मिथुन, आदित्य, रेखा की 'मेरा नाम बिल्लू' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'अभी साँस लेने की' गीत वाली सलमान, सनी, करिश्मा की फिल्म-२
१५. सनी, मीनाक्षी, ममता की 'कोई जाए तो ले' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मेरे सपनों की रानी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१७. मिथुन, अतुल, पूजाभट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'जीवन के सफर में राही' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-४
१९. 'कभी हाँ कभी ना' में सुचित्रा कृष्णामूर्ति के चरित्र का नाम-२
२२. 'सनम तेरी कसम' में नायिका कौन-२
२३. सनी, अमृता की 'तेरी तसवीर मिल गई' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'प्यार कोई खेल नहीं' की नायिका-३
२५. 'रूके रूके से' गीत वाली फिल्म जिसमें संजीव, शर्मिला थे-३
२६. फिल्म 'संन्यासी' में नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3227



## सूडोकु -3228

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3227 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

## शब्द पहेली - 3228



### बाएँ से दाएँ

1.अत्यावश्यक-6
5.कारागार,जेल-4
8.पानी,नीर-2
9.मीन,मत्स्य-3
10.लक्ष्मी,कमला-2
11.कलाकार,फनकार-4
12.मर्द,मादा का विलोम-2
14.हसरत,मुराद-4
15.कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17.भूमि,धरती-3
19.मतवासा,मदहोश-4
21.फिल्मी दुनिया-3,3
24.दुर्भाग्यशाली-5
27.ठोकर लगना,भिड़ना-4
29.दौंडी पीटना-3
31.सांप,सर्प-2
32.दाल-4
33.हूर,अप्सरा-2
35.गाड़ी चलाने वाला-4
36.पिता का छोटा भाई-2
38.पुत्र,बेटा-3
39.टोंटी,नलका-2
40.ललचाना,तड़फाना-4
41.टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

### ऊपर से नीचे

1.ईश्वर,अनश्वर-3,3
2.तेलहन-2
3.सुखद वस्तु, वर देना-4
4.करधनी,कमर पेटी-5
5.गलीचा-3
6.दिन-2
7.समस्या का हल-4
11.धरोहर,थाती-4
13.मिट्टी,धूल-2
16.चमकना-4
18.वायुसेना का एक विमान-3
19.इतराना-4
20.परत-2
22.जाप करना-3
23.किवाड़,द्वार-2
25.उदाहरणतः-4
26.परवरिश-3,3
28.राग छेड़ना-5
29.भेंट,मेल-मिलाप-4
30.दिया,दीपक-2
32.औषधालय, दवाखाना-4
34.खाली होना-3
37.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.नया,नवीन-2

### शब्द पहेली -3227 का हल



# फर्जी कॉल सेंटर चला रहे 73 लोग गिरफ्तार

## विदेश में बैठे लोगों से करते थे ठगी, आरोपियों में 33 महिलाएं



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 33 महिलाओं समेत कुल 73 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी विदेश में बैठे लोगों को क्रिमनल केस में शामिल होने का डर दिखाकर उनसे रुपए ऐंठते थे। इन लोगों के कब्जे से 73 कम्प्यूटर सेट, 14 मोबाइल, 3 राउटर, 48 हजार रुपए, 58 वर्क प्रिन्ट आउट बरामद किए गए हैं। इस गिरोह के चार आरोपी अभी फरार चल रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। दरअसल थाना सेक्टर-142 पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में एक टावर में फर्जी कॉल सेंटर चल रहा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद सेक्टर-90 नोएडा में स्थित भूटानी अल्फाथम में छापेमारी की। यहां एक फर्जी कॉल सेंटर चलता पाया गया। पुलिस ने मौके से 73 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें 40 पुरुष और 33 महिलाएं है। पुलिस ने मामले में 11 आरोपियों को जेल भेज दिया है। वहीं बाकी लोगों को नोटिस दिया जाएगा। साथी ही इस गिरोह के चार आरोपी फरार हैं।

### अमेरिकी नागरिकों को करते थे कॉल

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया ने बताया पकड़े गए आरोपी कम्पयूटर्स को टैली कालिंग के लिए यूज करते थे। यह आईवीआर के माध्यम से अमेरिकी नागरिकों को कॉल करके उनके सोशल सिक्योरिटी नम्बर्स का दुरुपयोग कर अपने झांसे मे लेकर धोखाधड़ी करके उनसे गिफ्ट कार्ड, क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से पैसे ठगते थे।

### लैड लाइन से करवाया जाता था फोन

आरोपी कम्प्यूटर में मौजूद वीसी डायल सॉफ्टवेयर और एक्सलाइट/आईबीम डायलर का प्रयोग करके कॉल करते थे। यह कॉल सेंटर के मालिक के द्वारा लैंड करवाई जाती थी। कॉल रिसीव होने पर सभी कॉलर यूएस मार्शल बनकर अमेरिकी नागरिकों से बात करते थे।

### 4 साल से चला रहे थे कॉल सेंटर

इन्हें सोशल सिक्योरिटी नम्बर से सम्बंधित आपराधिक गतिविधियों में उनके लिप्त होने का डर दिखाकर गिफ्ट कार्ड और क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से पैसा प्राप्त कर ठगी करते थे। यह लोग 4 सालों से इस कॉल सेंटर को चला रहे थे।

फिलहाल गिरफ्तार किए गए आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस फरार चल आरोपियों की तलाश कर रही है।

## भूटानी शरणार्थी घोटाले के आरोपी को नेपाल पुलिस ने किया गिरफ्तार

नोएडा। भूटानी शरणार्थी घोटाले के आरोपी बेचन झा बुधवार से लापता है। उसकी बेटी की शिकायत पर नोएडा में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं, चर्चा है कि बेचन झा को नेपाल पुलिस गिरफ्तार कर ले गई है। हालांकि इसकी पुष्टि नोएडा पुलिस ने नहीं की है। हालांकि घरवालों ने भी नोएडा पुलिस से बेचन झा की नेपाल पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की आशंका जताई है। पुलिस बेचन झा की तलाश कर रही है। नेपाल में नकली भूटानी शरणार्थी मामला कई महीनों से चल रहा है। इस घोटाले में भूटान के शरणार्थियों को अमेरिका भेजने के नाम पर करोड़ों के हेरफेर का आरोप है। इसी मामले में नोएडा के सेक्टर-19 निवासी कारोबारी बेचन झा की गिरफ्तारी की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि नेपाल पुलिस ने नोएडा- दिल्ली बॉर्डर से बुधवार को बेचन झा को गिरफ्तार कर लिया और नेपाल लेकर चली गई।

# नोएडा बायोडायवर्सिटी पार्क में बनेगा 30 एकड़ में डियर पार्क


## अफ्रीका से तीन प्रजाति के हिरण लाए जाएंगे; 40 करोड़ रुपए होंगे खर्च

एजेंसी

नोएडा। सेक्टर-91 बायोडायवर्सिटी पार्क में हिरण को संरक्षित किया जाएगा। कानपुर, हैदराबाद, लखनऊ के अलावा अफ्रीका के देशों से यहां हिरण जाएंगे। जिनमें फीमेल की संख्या की ज्यादा होगी।

बायोडायवर्सिटी पार्क के 30 एकड़ में इसे बनाया जाएगा। इस पर 40 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसका प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसे बोर्ड के सामने रखा जाएगा। प्राधिकरण इसे डियर पार्क के रूप में विकसित करने जा रही है।

नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-91 में 110 एकड़ में बायोडायवर्सिटी पार्क विकसित किया है। पार्क चार प्राकृतिक भागों के अलावा बायोम में बांटा गया है। इनमें कोही, बांगर,



खादर और डाबर हैं।

यहां 100 से अधिक प्रजाति के देसी पौधे, 120 से अधिक प्रजाति की जड़ी-बूटी व अन्य प्रकार के पौधे लगाए गए हैं। साथ ही 9 गृह वाटिका और नक्षत्रशालाएं भी बनाई गई हैं। इसमें गृह और नक्षत्र के हिसाब से पौधे लगाए गए हैं। साथ ही वॉक के लिए कच्चा ट्रैक और फूड कोर्ट भी बनाया गया है।

### हिरण संरक्षण में खर्च होंगे 40 करोड़

इसके निर्माण में करीब 40 करोड़ रुपए की लागत आई है। इसके साथ ही पार्क के बराबर में बड़े क्षेत्रफल की जगह भी खाली पड़ी हुई है। डियर पार्क को करीब 30 एकड़ में आकार दिया जा सकता है।

इसकी योजना पर विचार शुरू कर दिया गया है। नोएडा अथॉरिटी शहर वासियों को घूमने के लिए एक परफैक्ट लोकेशन तैयार करने की नीति पर काम कर रहा है।

नोएडा में 10 प्रजातियों के हिरण को लाया जाएगा। इसमें तीन प्रजाति अफ्रीका से एक्सपोर्ट की जाएंगी। इसके अलावा कानपुर, हैदराबाद और लखनऊ के चिड़ियाघर से यहां हिरण लाए जाएंगे।

## नोएडा में राम सुतार बनाएंगे गौतमबुद्ध की मूर्ति

नोएडा। नोएडा में गौतमबुद्ध जी एक विशालकाय मूर्ति बनाई जाएगी। ये मूर्ति गौतमबुद्ध थीम पार्क में लगाई जाएगी। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने मूर्तिकार पद्मश्री राम.वी. सुतार के साथ मुलाकात की। राम सुतार गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के अलावा देश भर में तमाम बड़ी मूर्तियां बना चुके है। मूर्ति किस धातु की बनेगी और कितनी ऊंची होगी इसको लेकर अभी मंथन किया जाएगा। इस मौके पर राम सुतार ने प्राधिकरण सीईओ से एक कला केंद्र बनाने की मांग की। इसमें वे अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। ताकि आने वाली पीढ़ी उनकी कला को समझ सके और आगे बढ़ा सके। प्राधिकरण का हार्टिकलत्र डिपार्टमेंट इसकी फाइलिंग करेगा। जिसे सीईओ के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। यहां से अप्रूव के बाद राम सुतार को मूर्ति बनाने के लिए ऑफर किया जाएगा। सेक्टर-19 निवासी राम वी. सुतार सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में पहुंचे थे। सीईओ डा लोकेश एम ने उनसे मुलाकात करके मूर्ति बनाने का आग्रह किया। इस दौरान सीईओ ने राम वी. सुतार को शाल ओढ़ाकर व बोनसाई पौधा देकर सम्मानित भी किया। बता दे राम सुतार सुतार ने गुजरात में स्थित दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का डिज़ाइन तैयार किया है। उन्होंने 45 फुट ऊंची चंबल स्मारक भी बनाया। महात्मा गांधी की एक प्रतिमा भी बनवाई , जिसकी नकल करके दूसरे देशों को भेजी गई।

# ग्रेटर नोएडा में रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का शुभारम्भ

## अलग-अलग राज्यों से खिलाड़ी हुए शामिल, यूपी को मिले 3 गोल्ड मेडल

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में 2nd ओपन नेशनल रैंकिंग रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का शुभारम्भ हो चुका है। इस चैंपियनशिप में देश के विभिन्न प्रांतों से आये खिलाड़ी शामिल हैं। इस चैंपियनशिप में इनलाइन फ्री स्टाइल, डर्बी तथा सेलेलम की प्रतियोगिता हो रही है। प्रथम सत्र में इनलाइन फ्री स्टाइल में 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में उत्तरप्रदेश के संचित भंडारी को पहला स्थान ( गोल्ड मेडल ) मिला है। जबकि तमिलनाडु



को सिल्वर और उत्तरप्रदेश के ही शिवांश पटेरिया को तीसरे स्थान पर कांस्य मेडल मिला है। इसी वर्ग के तहत गर्ल्स में उत्तर प्रदेश की प्राची सिंह गोल्ड मेडल, कर्नाटक की अनन्या को सिल्वर तथा उप्र की खुशी भंडारी को कांस्य मेडल मिला है।

### अलग-अलग प्रदेशों से लोगों ने लिया भाग

इनलाइन फ्रीस्टाइल के ही 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के तहत तमिलनाडु के सर्वेश आर्य को पहले स्थान पर रहकर गोल्ड मेडल हासिल हुआ। आमेश चिराग ( महाराष्ट्र ) और जय ध्यानराज ( कर्नाटक) को क्रमश: सिल्वर तथा कांस्य मेडल मिला है।

इसी वर्ग (14-17वर्ष) की लड़कियों में पियुशा तारिणी ने पहला स्थान हासिल किया। पियुशा को गोल्ड मेडल मिला है। जबकि दूसरे स्थान पर रही श्री विद्या (तमिलनाडु) तथा तीसरे स्थान पर रही मुक्कुला नैनिका ( आंध्र प्रदेश) को क्रमश: सिल्वर और कांस्य पदक मिला है।

# 4 साल में 200 लैपटॉप 400 मोबाइल किए चोरी

## नोएडा में 3 अरेस्ट, पुलिस सर्विलांस बचने के लिए पश्चिम बंगाल में बेचा मॉल, स्टूडेंट एरिया थे सॉफ्ट टारगेट

नोएडा। रैकी करने के बाद मकानों और पीजी से लैपटॉप और मोबाइल चोरी करने वाले 3 चोरों को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया। ये चोर 4 साल से घटनाएं कर रहे थे। अब तक 200 लैपटॉप और 400 मोबाइल फोन चोरी कर चुके है। दिल्ली एनसीआर के शहर इनके टारगेट थे।

चोरी करने के बाद ये सामान को बस और अन्य माध्यम से पश्चिम बंगाल लेकर जाते थे। वहीं पर फोन और लैपटॉप बेचे। इससे जो रुपया मिलता उसी को आमदनी मानते थे। मोबाइल को 3000 और लैपटॉप को 7000 में बेचते थे। इन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### गिरोह का सरगना है सपन मांझी

पुलिस ने इनके पास से 44 मोबाइल फोन बरामद किए। इनकी पहचान बदमाशों की पहचान हमीरपुर के जरिया के सिद्ध गोपाल, पश्चिम बंगाल के मेंदनीपुर के तपन मांझी और सपन मांझी के रूप में हुई। सपन मांझी गिरोह का सरगना है और तपन उसका भरोसमंद साथी है।

बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने तीन एटीएम कार्ड, एक डीएल, दो



आधार और पैन कार्ड, एक इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक की पासबुक, एक मेट्रो कार्ड, एक ई-श्रम कार्ड, दो बैंक की पासबुक और एक चेक बुक भी बरामद की है।

### जहां रहते है स्टूडेंट वहीं इनका टारगेट पाइंट

सपन मांझी के खिलाफ नोएडा और दिल्ली के अलग-अलग थानों में 34 केस दर्ज हैं। सपन ने अधिकांश चोरी दिल्ली नोएडा बार्डर अशोक नगर में की। दरअसल अशोक नगर सघन आबादी वाला एरिया है। यहां बैचलर्स के अलावा स्टूडेंट्स बहुत बड़ी संख्या में कमरा लेकर रहते है। यही पर रैकी करते थे। गर्मी के समय यहां रहने वाले अधिकांश लोग छत या कमरे का दरवाजा खोलकर सोते है। ऐसे में सुबह 4 से 6 बजे तक ये चोरी की घटना को अंजाम देते थे।

### पुलिस के एक्सिस से रहे दूर इसलिए पश्चिम बंगाल को चुना

आरोपियों में सिद्ध गोपाल कक्षा आठ तक पढ़ा है और ऑटो चलाने का काम करता है। तपन मांझी कक्षा चार तक पढ़ा है और घर में रहकर खेती करता था। वहीं सपन मांझी कक्षा दो तक पढ़ा है और चेन्नई में होटल में खाना बनाने का काम करता था। तीनों बदमाशों ने 25 जून की रात एक साथ तीन घरों में चोरी की थी। ये चोरी का माल पश्चिम बंगाल ले जाकर बेचते थे। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि चोरी के लैपटॉप और मोबाइल को दिल्ली के बजाय पश्चिम बंगाल में इसलिए बेचते थे ताकि पुलिस के निशाने पर आने से बच सकें।

### 90 सीसीटीवी फुटेज के बाद हुई पहचान

चोरी की जानकारी मिलने पर थाना सेक्टर-126 पुलिस ने टीम गठित की। सर्विलांस टीम सक्रिय हुई। इसके बाद चोरी की घटना वाले स्थान से लेकिन संभावित स्थानों तक करीब 90 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई।

इस दौरान तीनों बदमाशों की पहचान हुई। जिसके बाद मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। वहां से जानकारी मिलते ही पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया।

### 12 मोबाइल और दो लैपटॉप के स्वामी हुए ट्रैक

बरामद मोबाइल में से 12 मोबाइल और दो लैपटॉप ऐसे हैं, जिनके मूल स्वामी का पता चल गया है। मोबाइल और लैपटॉप मिलने की सूचना जैसे ही पुलिस ने पीड़ितों को दी उनके चेहरे फिर से खिल उठे। गिरोह को दबोचने वाली टीम को डीसीपी नोएडा ने सम्मानित करने की बात कही है। आरोपी रात 12 से सुबह छह बजे के बीच वारदात करते थे।

# मां के साथ खेल रही बच्ची को कार ने कुचला

**मां के साथ सड़क पर खेल रही थी बच्ची, टर्न लेते समय हुआ हादसा, अस्पताल में भर्ती**

नोएडा। नोएडा में घर के सामने मां के साथ खेल रही बच्ची को कार ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल बच्ची को कैलाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। उसकी हालत गंभीर बनी है। हादसा सेक्टर-63ए के बी ब्लॉक में हुआ।

बच्ची को नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। ये घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे कैद हो गई।

जिसे सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। पीड़ित बच्ची के पिता अजय ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### सड़क पर मां के साथ खेल रही थी बच्ची

नोएडा में बच्ची को कुचलने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में कनौजिया नाम के व्यक्ति के मकान में रहने वाली रिंकी अपनी डेढ़ साल की मासूम बच्ची के साथ अपने घर के बाहर सड़क पर खेलती हुई नजर आ रही है।

इस दौरान कार को चला रहा युवक वहां आता है और कार से बच्ची को कुचल देता है और कार वहीं पर रुक जाती है। बच्ची की मां फौरन बच्ची को उठाकर बदहवास हालत इधर उधर दौड़ने लगती। लोग इकट्ठा होकर आरोपी की कार से उसे अस्पताल ले जा रहे है।

### 28/29 जून की रात की घटना

नोएडा मीडिया पुलिस सेल ने बताया कि ये पूरी घटना 28 और 29 जून की रात की है। जिसमें एक बच्ची का एक्सीडेंट हो गया था। बच्ची को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस को प्राप्त हुई। घटना का तुरंत संज्ञान लेते हुए थाना-63 पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

घटना से संबंधित गाड़ी चिह्नित कर ली गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है । बच्ची के अच्छे उपचार के लिए अस्पताल प्रबंधन से संपर्क किया गया है।

# गौतम बुद्ध नगर में मारपीट, कार पर फायरिंग

एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में कुछ दोस्तों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि आपस में पहले झगड़ा हुआ और उसके बाद एक दोस्त ने दूसरे दोस्त की गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हालांकि इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

दादरी थाना क्षेत्र के कोट गांव के रहने वाले शिवा का मोंटी व उज्जवल से विवाद हो गया था। शिवा निजी अस्पताल में किसी परिजन को देखने गया था। वहीं से उसको लेकर वह नहर पर चले गए और मोंटी व उज्जवल ने शिवा के साथ कोट नहर पर आपस में बहस करने लगे, जिससे दोनों पक्षों में मारपीट हो गई।

इसी दौरान शिवा ने अपने दोस्त रवि तथा एक अज्ञात को कोट नहर पर बुला लिया। उसके बाद शिवा के दोस्त रवि ने अपनी गाडी स्विफ्ट को एक खाली जगह पर खडी कर लिया। जहां पर मोंटी ने जाकर गाडी पर गोली चला दी।

गाडी में कोई व्यक्ति नही था। कोई जनहानि नहीं है। बताया जा रहा है कि इस दौरान 12 राउंड से ज्यादा फायरिंग की गई।

### मोंटी पर पहले से दर्ज है केस

मोंटी नाम के आरोपी पर पहले से ही मुकदमा दर्ज है। बताया जा रहा है कि वह पहले भी जेल जा चुका है, फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# ग्रेटर नोएडा में ससुर ने करवाई दामाद की हत्या

## लव मैरिज से था नाराज, 5 साल बाद लिया बदला, बदमाश हायर करके मरवाया

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा की ईकोटेक-3 थाना पुलिस ने 13 दिन पहले थाना क्षेत्र में मिले एक युवक के शव के मामले में सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि दो फरार हैं। युवक ने अपने ही गांव की युवती से भागकर शादी की थी। उसी को लेकर युवती के पिता ने हत्यारों को हायर करके युवक की हत्या करवा दी।

दरअसल इकोटेक-3 थाना क्षेत्र में 16 मई को एक अज्ञात युवक एक शव मिला था। पुलिस द्वारा जब उसके शव की शिनाख्त की गई तो मृतक की पहचान भुवनेश यादव के रूप में हुई। जो की मूल रूप से संभल के नंदरौली गांव का रहने वाला था।

वह फिलहाल ग्रेटर नोएडा में ही रह रहा था। यहां रहकर ऑटो चलाता था। पुलिस द्वारा जब युवक का



पोस्टमार्टम कराया गया तो पता चला कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। इस मामले में मृतक की पत्नी के द्वारा तहरीर दी गई। उसने अपने पिता और कुछ लोगों पर शक जताया था।

### चूड़ियां और आला कत्ल अंगोछा बरामद किया

पुलिस ने इस मामले में लोकल इंटेलिजेंस और मुखबिर की सूचना के आधार पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने मृतक के गांव के ही अवधेश यादव व उसके पास के गांव मंडोली के यशपाल उर्फ टिंडा, अवधेश यादव और नीरज को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने लोगों के कब्जे से एक बोलेरो गाड़ी, हत्या के बदले पेशगी में मिले एक गले का हार, सोने की चार चूड़ियां और आला कत्ल अंगोछा बरामद किया। इस मामले में दो आरोपी खड़क सिंह यादव और बुद्ध सेन यादव फरार चल रहे हैं। जो कि मृतक के ससुर और चचेरे ससुर हैं।

### नीरज नाम के लड़के से हत्या करने के लिए कहा

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया ने बताया कि मृतक भुवनेश यादव करीब 5 वर्ष पहले अपने ही गांव की रहने वाली प्रीति यादव को लेकर फरार हो गया था। उसे शादी कर ली थी। इस बात को लेकर लड़की के परिजन खड़क सिंह व अन्य भुवनेश से नफरत करते थे।

जब भी भुवनेश गांव में जाता था वह खुद को अपमानित महसूस करते थे। वर्तमान में खड़क सिंह गांव का प्रधान भी है। वह और उसके भाई बुद्ध सेन ने भुवनेश की हत्या की योजना बनाई। जिसके बाद उन लोगों ने नीरज नाम के लड़के से हत्या करने के लिए कहा।

# शार्ट न्यूज

### चौथे चरण में 220 बच्चों को आवंटित हुए स्कूल

गाजियाबाद। शिक्षा का अधिकार अधिनियम ( आरटीई ) के तहत शुक्रवार को चौथी लॉटरी निकाली गई। चौथे चरण में कुल 469 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 227 आवेदन दाखिले के लिए पात्र पाए गए लेकिन स्कूलों में सीट फुल हो जाने के कारण सात आवेदन निरस्त किए गए और 220 बच्चों को स्कूल आवंटित किए गए। महानिदेशक के आदेशों के अनुसार सात जुलाई तक चौथे चरण में चयनित बच्चों के दाखिले स्कूलों में कराने हैं। आरटीई के पिछले तीन चरणों में 5865 बच्चों का चयन स्कूलों में दाखिले के लिए किया गया है, जिसमें से अभी तक 2875 बच्चों का दाखिला स्कूलों में हो पाया है। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल दाखिले के लिए चक्कर लगवा रहे हैं वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी ने हर साल की तरह स्कूलों को नोटिस देने का सिलसिला शुरू कर दिया है। 50 फीसदी बच्चों का दाखिला भी स्कूलों में नहीं हुआ है। बीएसए ओमप्रकाश यादव ने बताया कि शत प्रतिशत बच्चों के दाखिले स्कूलों में कराने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। स्कूलों से लगातार बात की जा रही है और दाखिलों के लिए बोला जा रहा है।

### कलक्ट्रेट और विकास भवन में जल्द बनेंगे ई-ऑफिस

गाजियाबाद। लगभग आठ वर्ष बाद दोबारा पेपरलेस कार्य के लिए अब सभी विभागों में ई-ऑफिस बनाया जा रहा है। इसको लागू करने के लिए सीडीओ की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी विभागों की बैठक की गई है। बैठक में हर विभाग में नोडल अधिकारी बनाने और ईएमडी ( एंप्लाई मास्टर डेटा मैनेजर ) बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले 2017 में भी जोरशोर से ई-ऑफिस बनाने के लिए सभी विभागों में कंप्यूटर की खरीद हुई थी और डिजिटल सिग्नेचर बनाए गए थे। अधिकारियों के छुट्टी पर होने पर या कार्यालय से बाहर होने पर फाइल पर हस्ताक्षर कराने के लिए अब परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा और लोगों को भी रोजाना कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। जिले में ई-ऑफिस बनाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। विकास भवन और कलक्ट्रेट सहित सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक हो गई है। सभी को जल्द से जल्द अन्य प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन विभागों में कंप्यूटर कम हैं उनको भी इसकी सूचना देने और व्यवस्था करने को कहा गया है। शासन से अधिकारियों और कर्मचारियों के डिजिटल हस्ताक्षर तैयार करके भेजा जाएगा।

### मांगी 30 लाख की रंगदारी, गिरफ्तार

साहिबाबाद। कर्ज उतारने के लिए प्रॉपटी डीलर से 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले दोनों आरोपी शुक्रवार शाम पुलिस के हत्थे चढ़ गए। मामला टीलामोड़ थाना क्षेत्र का है। दोनों आरोपी दोस्त हैं और नोएडा के एक कॉल सेंटर काम करते हैं। भोपुरा स्थित हर्ष विहार कॉलोनी निवासी प्रॉपर्टी डीलर विकास ने बृहस्पतिवार को थाना टीला मोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने किसी अनजान नंबर से कॉल कर 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगने की शिकायत दी। विकास ने पुलिस को बताया कि कॉलर ने यह भी कहा कि यदि वह 30 जून तक पैसे नहीं देते हैं तो वह उनके परिवार के पांचों सदस्यों की हत्या कर देगा। फोन करने वाले ने हर साल एक सदस्य की हत्या की धमकी दी। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि शिकायत दर्ज कर जांच की गई। जांच कर विनोद कुमार उर्फ डेनियल उर्फ गुरू और नोएडा निवासी पंकज फागुनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। विनोद विकास का पड़ोसी है। दोनों आरोपी किसी कॉल सेंटर में 15-16 हजार के वेतन पर कार्य कर रहे हैं। दोनों ही जल्दी पैसे कमाने के लिए ऑनलाइन बेटिंग करने लगे लेकिन, गेम में हारने पर दोनों पर करीब डेढ़ लाख रुपये कर्ज हो गया।

### मकान बेचने के नाम पर 85 लाख की धोखाधड़ी

साहिबाबाद। शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में मकान बेचने के नाम पर 85 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पांच महिला सहित 10 लोगों पवन शर्मा, बादल वशिष्ठ, सागर, आदर्श शर्मा, सीमा शर्मा, सोम, पुष्पा, अर्चना, अखिलेश शंकर, ईशा और मीरा शर्मा पर मुकदमा दर्ज हुआ है। नोएडा सेक्टर-44 में रहने वाले विशाल चौधरी कंस्ट्रक्शन कंपनी में सिविल इंजीनियर हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने फोन किया कि राजेंद्र नगर में एक मकान बिकने वाला है। मकान के चार वारिस हैं जो बेचने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि 85 लाख रुपये में सौदा तय हुआ और जून 2021 में आरोपियों ने रुपये लेकर तीन चौथाई हिस्से का बैनामा कर दिया। बाकी हिस्से के बैनामा के लिए कहा तो आरोपियों ने धमकी देते हुए ताला तोड़कर बैनामा हुए हिस्से पर भी कब्जा कर लिया। धमकी दी कि 30 लाख रुपये में पूरी प्रॉपर्टी बेचकर चले जाओ, नहीं तो हत्या कर देंगे।

### 22 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया

ग्रेटर नोएडा। यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा वर्ष-2024 में शानदार प्रदर्शन करने वाले जिले के 22 मेधावी विद्यार्थियों को शनिवार को सम्मानित किया गया। सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में छात्र-छात्राओं को टैबलेट, प्रशस्ति पत्र, मेडल और 21 हजार की धनराशि देकर सम्मान किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। सभागार में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं ने लखनऊ में आयोजित हो रहे कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। इसके बाद दादरी विधायक तेजपाल नागर, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, डीएम मनीष कुमार वर्मा और सीडीओ ने हाईस्कूल की परीक्षा में टॉप-10 में स्थान प्राप्त करने वाले 12 और इंटरमीडिएट में टॉप-10 में स्थान प्राप्त करने वाले 10 छात्र-छात्राओं को टैबलेट, प्रशस्ति पत्र, मेडल तथा 21 हजार की धनराशि देकर सम्मानित किया। विधायक तेजपाल नागर ने छात्रों को भविष्य में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए और अधिक परिश्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर डीआईओएस डॉ. धर्मवीर सिंह, बीएसए राहुल पंवार आदि उपस्थित रहे।

# मेरठ में हिंसा के 24 घंटे बाद फिर तनाव

## गांव में लाश रखकर लोगों ने किया हंगामा, हत्या में 6 के खिलाफ केस दर्ज, 3 अरेस्ट

मेरठ। मेरठ में जाटव और वाल्मीकि समाज में जमकर लाठी-डंडे चले।

घर में घुसकर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामले में आक्रोशित ग्रामीणों ने रात को थाने में घेराव किया। देर रात तक हंगामा होता रहा। ग्रामीणों की मांग करते हुए कहा- जल्द से जल्द पुलिस की गिरफ्तारी की जाए।

सुबह एक बार फिर लोगों ने हंगामा किया। युवक की लाश रखकर लोग नारेबाजी कर रहे हैं।

मेरठ में यह हिंसा हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के रठौरा खुर्द गांव में हुई। हस्तिनापुर बसपा के विधानसभा अध्यक्ष बृजपाल सिंह कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंचे। देर रात पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर 6 आरोपियों को नामजद किया। इनके खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया। साथ ही 3 आरोपियों को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया।

### गांव में तनाव का माहौल, थाने के बाहर बैठीं महिलाएं

बच्चों के झगड़े में जाटव और वाल्मीकि समाज के लोग आमने-सामने आ गए। पहले कहासुनी हुई, फिर लाठी-डंडे चले। इसके गोली चल गई और एक युवक की मौत हो गई।

वाल्मीकि समाज के लोगों ने हंगामा शुरू हो गया। पथराव किया। कई गाड़ियां तोड़ दीं। बवाल की सूचना पर अफसर मौके पर पहुंचे। 3 थाने की फोर्स पहुंची, लेकिन भीड़ कंट्रोल नहीं हुई। इसके बाद पीएसी बुलाई गई है।

घटना के बाद मृतक के परिजन देर शाम थाने के बाहर पहुंचे। यहां पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उनके साथ ग्रामीण भी रहे।

परिजनों का कहना है कि जब तब आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, हम शांत नहीं बैठेंगे।

वहीं 3 अभी फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी न होने पर गांववालों ने गुस्सा जताया। सीओ और एसडीएम ने गुस्साए लोगों को शांत कराया। वहीं गांव में अभी भी पुलिस बल तैनात है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### आर्थिक मदद के आश्वासन पर माने ग्रामीण

ग्रामीण थाने पर हंगामा करते रहे। इसमें महिलाएं भी थीं। मांग थी कि मृतक के परिवार को आर्थिक मदद और एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए। जब ग्रामीण शांत नहीं हुए तब एसडीएम अंकित कुमार ने पीड़ितों को आर्थिक मदद का आश्वासन भी दिया है। महिलाओं को समझाने के बाद घर छुड़वाया।

# हापुड़ में महिला से 9.33 लाख की साइबर ठगी

हापुड़। हापुड़ में एक महिला से चेक का स्टेटस पता करने के नाम ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने एक महिला के साथ 9.33 लाख रुपए की साइबर ठगी कर ली। पीड़िता की तहरीर पर साइबर थाना पुलिस ने दो लोगों को नामजद करते हुए अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र में रेलवे रोड पर स्थित मोहल्ला रामगंज निवासी रेखा अग्रवाल ने पुलिस से शिकायत की। बताया कि उसने गाजियाबाद के एक बैंक में 16 अप्रैल 2024 को एक चेक जमा किया था। इसका स्टेटस पता करने को उसने 20 अप्रैल को गूगल पर बैंक का नंबर सर्च किया। वहां मिले नंबर पर उसने कॉल की।

### बैंक से हुई ठगी की जानकारी

कॉल उठाने वाले व्यक्ति ने कहा कि आज स्टेटस पता नहीं चलेगा। जल्द ही कॉल कर बताया जाएगा। 22 अप्रैल को उसके पास कॉल आई और कॉल करने वाले ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। कहा कि एक लिंक भेज रहे हैं उस पर बैंक की डिटेल भर दो। डिटेल भरते ही उसके खाते से 9,33,700 रुपए निकाल लिए। इसकी जानकारी होने पर पीड़िता ने बैंक में जाकर जानकारी की तो पता चला कि उसके साथ साइबर ठगी हुई है। पुलिस ने दो को नामजद करते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हरदोई में पोस्टमार्टम हाउस में लाशों से लूट

## असली के बदले नकली जेवर पहनाने का आरोप

हरदोई। हरदोई के पोस्टमार्टम हाउस में विगत दिनों लाशों के साथ हो रही लूट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पोस्टमॉर्टम हाउस में सोने और चांदी की ज्वेलरी के बदले आर्टिफिशियल ज्वैलरी लाशों को पहना देने का वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया था।

मामले में सीएमओ ने फौरी तौर पर खाना पूर्ति करते हुए दो मर्तबा जांच कराई और इस जांच में तीन आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को बर्खास्त किया वहीं दो फार्मासिस्ट को पोस्टमार्टम हाउस से सीएचसी पर ट्रांसफर किया है।

हालांकि इनमें एक फार्मासिस्ट ऐसे भी है, जिसका ट्रांसफर सीएमओ एक माह पहले ही कर चुके थे लेकिन उस कार्यवाही को इस पोस्टमॉर्टम हाउस कांड की कार्रवाई में दर्शाया गया है। कार्रवाई के बाद बर्खास्त वार्ड ब्वाय ने दो मर्तबा डीएम से मामले की शिकायत की थी और अब स्ढ्ढञ्ज जांच कराए जाने की मांग की है, ताकि इस कांड में जिस जिस की संलिप्तता हो उसका पर्दाफ़ाश हो सके।

### ये है मामला

दरअसल, पुलिस लाइन में तैनात एक महिला आरक्षी की बड़ी बहन की मौत के बाद उसके शव को पोस्टमॉर्टम हाउस लाया गया था। इस दौरान पोस्टमॉर्टम हाउस में कर्मियों ने मृतका के कान और नाक में पहने सोने के जेवरात को लूट लिया और उसकी जगह आर्टिफिशियल ज्वेलरी पहना दी थी। घटना के बाद महिला आरक्षी ने इस मामले की शिकायत सीएमओ से की थी। मामला जब मीडिया में सुर्खियों में आया तो सीएमओ ने आनन फानन में एक कमेटी बनाकर जांच कराई और दो आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया।

इस बीच पोस्टमार्टम हाउस से एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें किस तरह से लाशों के साथ लूट की जाती है, उसको दर्शाया गया।

# कानपुर में बी-फार्मा छात्र को अगवा करके बेल्ट से पीटा

## पानी में सिर डुबोया; वकील और बेटों पर एफआईआर के बाद हंगामा, पीएसी तैनात

कानपुर। कानपुर में एक वकील ने बी. फार्मा छात्र को फार्म हाउस पर बंधक बनाकर पिटाई की। 2 घंटे की हैवानियत के बाद बिठूर थाने की पुलिस ने छात्र को छुड़ाया। वकील ने छात्र को अपनी बेटी के साथ कोल्ड ड्रिंक पीते हुए देख लिया था। वकील और उसके बड़े भाई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

इसके बाद शनिवार सुबह वकीलों ने एसएसपी ऑफिस में हंगामा किया। बार एसोसिएशन ने काम-काज ठप कर दिया। तनाव की स्थिति को देखते हुए पीएसी तैनात की गई है।

मार्केट में दोनों को साथ देखा, गहमा-गहमी के बाद अगवा किया



दरअसल, वकील ने शुक्रवार शाम को अपनी बेटी को उसके क्लासमेट के साथ मार्केट में देख लिया। दोनों साथ कोल्ड ड्रिंक पी रहे थे। वकील नाराज हो गए। मार्केट में गहमा-गहमी के बाद वकील ने छात्र को अपनी कार में अगवा किया। 2 किमी दूर अपने फार्म हाउस पर ले गए। आरोप है कि वहां उसको बंधक बनाकर रखा और पिटाई की। इसमें वकील के बड़े भाई भी शामिल थे। जानवरों की नाद में उसका सिर डुबाया। बेटी से दोस्ती तोड़ने के लिए कहा। इधर, छात्र के परिवार को जानकारी हो गई। उन्होंने बिठूर थाने की पुलिस की मदद से वकील के फार्म हाउस से छात्र को बरामद किया है।

मेडिकल में सामने आया कि पिटाई के वजह से छात्र के पूरे शहर पर नीले निशान हैं। छात्र का होठ में सूजन आ गई थी। वह ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था। पुलिस ने उसी कंडीशन में उसके बयान दर्ज किए हैं। अब वकील और उनके दोनों बेटों की तलाश की जा रही है।

### जानवरों के नाद के पानी में डुबाया

एसीपी कल्याणपुर ने बताया- बिठूर में रहने वाला एक बी.फार्मा में पढ़ने वाले 17 साल के छात्र का उसकी क्लासमेट से दोस्ती थी। शुक्रवार शाम को बिठूर में उससे मिलने पहुंचा था। लड़की के पिता ने दोनों को देख लिया। लड़के को मौके से अगवा कर लिया और वहां से 2 किमी. दूर एक फॉर्म हाउस में ले गए। छात्र को बंधक बनाकर जानवरों को चारा खिलाने वाले नादी में भरे पानी में सिर डुबो-डुबो कर पीट रहे थे।

# फतेहपुर में रेलवे लाइन किनारे मिली सिर कटी लाश

फतेहपुर। फतेहपुर में रेलवे किनारे एक अज्ञात युवक का सिर कटी लाश मिलने से आस पास मौजूद लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के फोटो से आस पास गांव में पुलिस शिनाख्त में जुटी है। जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के मिठनापुर गेट के तरफ नरायनपुरवा चौकी लोधी गंज में रेलवे लाइन किनारे एक अज्ञात युवक का सिर कटी लाश सुबह ग्रामीणों ने देखा तो आस पास मौजूद लोगों की भीड़ लग गई ।ग्रामीणों ने आशंका जताई कि युवक ने कुछ तो कारण होगा तभी ट्रेन के पटरी पर सिर रखकर आत्महत्या कर लिया है। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी हरिहरगंज दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर गाढ़ा नील रंग की शर्ट और नीले रंग की लोवर पहने हुए हैं। युवक की उम्र करीब 25 वर्ष के आस की होगी। मृतक के फोटो को सोशल मीडिया में पोस्ट कर शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। मृतक के शिनाख्त बाद पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई होगी। आपको बताते चले के जिस जगह पर युवक का शव मिला है। वह के आस जगह पर अक्सर ट्रेन के चपेट में आने से या फिर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आता रहता है।

# दानवीर भामाशाह जी का जन्मदिवस व्यापारी कल्याण दिवस'' के रुप में मनाया गया

ललितपुर। दानवीर भामाशाह जयंती के अवसर पर व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित दानवीर भामाशाह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित संगोष्ठी का हुआ भव्य आयोजन जनपद के सर्वोच्च करदाता न्यू अभिलाषा एजेन्सी एंव यश इण्टरप्राइजेज मडावरा को सम्मानित किया गया। शासन के निर्देशानुसार दानवीर भामाशाह जी की जयंती को ''व्यापारी कल्याण दिवस'' के रुप में मनाये जाने के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि आज दानवीर भामाशाह जी का जन्मदिवस है इस अवसर पर सरकार



द्वारा व्यापारी कल्याण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। जिस प्रकार दानवीर भामाशाह जी ने महाराणा प्रताप जी को युद्ध में सहयोग किया था, उसी प्रकार जनपद के व्यापारी दानवीर भामाशाह जी की परंपरा को कायम रखते हुए जिला प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश में जो भी विकास होता है उसने व्यापारियों द्वारा राजस्व के माध्यम से विशेष योगदान दिया जाता है। अपर जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि भविष्य में यह कार्यक्रम और भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक विभाग की योजनाओं की स्टॉल, व्यापारी कल्याण से सम्बंधित निर्णय व अन्य आयोजन किये जायेंगे, साथ ही दानवीर भामाशाह जी को श्रद्धांजलि हेतु प्रतिमाह आयेजित होने वाली व्यापारी बंधु की बैठक को ''दानवीर भामाशाह व्यापारी बंधु बैठक'' के नाम से जाना जाएगा।

### आप कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस का एक्शन

लखनऊ। लखनऊ में आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की रिहाई की मांग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जांच एजेंसियों पर सत्ता पक्ष के इशारे में काम करने का आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। संजय सिंह और अन्य पार्टी नेताओं ने प्रदेश मुख्यालय पर एकत्र होकर विरोध जताया। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर नारेबाजी की। प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने भारी संख्या में बल तैनात किया था। कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया गया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे तब तक नहीं रुकेंगे जब तक केजरीवाल को रिहा नहीं कर दिया जाता।

# रायबरेली : किशोर की मलबे में दबकर मौत

रायबरेली । उत्तर प्रदेश में रायबरेली के बछरांवा इलाके में शौचालय के लिए बने सेप्टिक टैंक की दीवार ढहने से उसमे दब कर एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों से शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 7 बजे बछरांवा के भुलई खेड़ा इलाके में सेप्टिक टैंक के अचानक ढहने से एक 17 वर्षीय किशोर की उंसमे दब कर मौत हो गई।

बताया गया कि यहां निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में कुछ पानी का रिसाव हो रहा था जिसे देखने मृतक शिवम पुत्र राम नरेश टैंक में उतर कर जांच कर रहा था और पानी के रिसाव को रोकने का प्रयास कर रहा था । इसी दौरान अचानक एक तरफ की मिट्टी धंस गयी और उसी के साथ उसमें लगा खम्भा भी मृतक के ऊपर गिर गया जिससे मिट्टी और खम्भे के नीचे दब कर शिवम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

हालांकि मृतक के घरवाले मृतक का शव लेकर इस उम्मीद के साथ कि शायद अभी सांस चल रही है और वह बच सकता है डॉक्टर के पास पहुंचे मगर डॉक्टर ने शिवम को मृत घोषित कर दिया।

मृतक के घरवालों ने पोस्टमार्टम न कराने के लिए पुलिस से प्रार्थना की और बताया कि यह उनके सामने घटी दुर्घटना है इसलिए पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई करते हुए शव मृतक के घरवालों को वापस कर दिया।

# जौनपुर : बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

**एजेंसी**

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) उमेश कुमार की अदालत ने सात वर्ष पूर्व नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 60 हजार रुपए जुर्माने से शनिवारर को दंडित किया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश कुमार उपाध्याय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वादी मुकदमा ने सिकरारा थाने में अभियोग पंजीकृत करवाया कि 23 अप्रैल 2017 को उसके पड़ोस में रामायण का आयोजन हुआ था, जिसको सुनने वह अपने पत्नी के साथ गया था।

रात 11: 00 बजे जब वह अपने घर पहुंचा तो उसकी 14 वर्षीय पुत्री घर पर नहीं थी।

वादी उसे खोजते हुए उदय राज मौर्य निवासी ताहिरपुर थाना सिकरारा के ट्यूबवेल पर पहुंचा तो देखा कि उदय राज उसकी 14 वर्षी पुत्री के साथ तख्ते पर दुष्कर्म कर रहा था। दरवाजा खोलते ही उसे धक्का देकर भाग निकला।

पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया जहां पर सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश कुमार उपाध्याय व कमलेश राय ने कुल 8 गवाहों को परीक्षित करवाया।

परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो उमेश कुमार ने आरोपी उदय राज मौर्य को नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में दोषसिद्ध पाते हुए पॉक्सो ऐक्ट के अंतर्गत 20 वर्ष के सश्रम करावास एवं 60 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

अर्थदंड की समस्त धनराशि पीड़िता को देने का भी आदेश हुआ। अदालत में कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपी उदय राज मौर्य को सजा भुगतने के लिए जिला कारागार भेज दिया।

### लाठी का प्रहार कर पुत्र ने की पिता की हत्या

भदोही। उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र में पिता पुत्र के बीच हुए विवाद में पुत्र ने डंडे से प्रहार कर पिता की हत्या कर दी है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि जिले के चौरी थाना क्षेत्र के भदरमनपुर में आपसी वाद-विवाद के दौरान शुक्रवार की रात्रि में पुत्र द्वारा अपने पिता को डंडे से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच जुटी हुई है। बताया जाता है कि लवकुश (20) का अपने पिता अमृतलाल (45) के साथ गेहूं बेचने को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान पुत्र द्वारा पिता के सिर पर लाठी से प्रहार कर दिया गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से अमृतलाल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के उच्चाधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच के आदेश दिए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# इटावा : बिना परमिट संचालित 180 स्कूली वाहनों को दिया गया नोटिस

## नोटिस देने के बाद सभी को ब्लैकलिस्टेड भी करने की प्रकिया अपनाई जा रही है

**एजेंसी**

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बिना परमिट संचालित 180 स्कूली वाहनों को नोटिस जारी किया है । ऐसा कहा जा रहा है कि नोटिस देने के बाद सभी को ब्लैकलिस्टेड भी करने की प्रकिया अपनाई जा रही है ।

इटावा के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि विभागीय जांच के दौरान यह बात संज्ञान में लाई गई है कि इटावा में संचालित स्कूली वाहनों में 180 ऐसे वाहन पाए गए हैं जो बिना परमिट के संचालित किया जा रहे हैं, इसलिए इन सभी वाहनों को नोटिस जारी किया गया है। इन वाहन संचालकों से है उम्मीद की गई है कि वह बहुत ही जल्द अपने-अपने सभी वाहनों के परमिटों का लाइसेंसो का आधिकारिक पत्र सहायक संभागीय प्रबंधन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त करके ही इन वाहनों को संचालित करेंगे, अगर ऐसा नहीं किया गया तो 180 नोटिस धारी सभी वाहनों को ब्लैकलिस्टेड घोषित कर दिया जाएगा।

अगर सही मायने में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी की कार्रवाई को माना जाए तो यह वाहन एक जुलाई से स्कूल वाहन के रूप में संचालित नहीं हो सकेंगे ।ऐसा कहा गया है कि इन स्कूली वाहनों के परमिट खत्म हो चुके हैं इसके बाद इन सभी को नोटिस दिया गया है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि 1 जुलाई को स्कूल खुलने के साथ ही इन सभी वाहनों के खिलाफ चेकिंग करने के साथ ही कड़ी और बड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बिना परमिट के संचालित हो रहे हैं 180 स्कूली वाहनों को नोटिस देने की प्रक्रिया इसलिए अपनी गई है ताकि 1 जुलाई को स्कूल खुलने के दौरान कोई अप्रिय घटना घटित ना हो।

उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से राज्य भर में स्कूल खुलने जा रहे हैं इसलिए आज से यह नोटिस देने की प्रक्रिया अपनाई गई है, उन्होंने बताया कि अमूमन ऐसा देखा गया है कि स्कूल वाहन के नाम पर बिना परमिट धारी वाहन संचालक अपने-अपने वाहनों को चलाने में जुट जाते हैं लेकिन जब कोई हादसा पेश आता है तो नुकसान स्कूली छात्र-छात्राओं का होता है और जिम्मेदारी उन विभागों के ऊपर आ जाती है जो इनकी निगरानी करते हैं।

## शॉर्ट न्यूज

### पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



ललितपुर । जाखलौन पुलिस ने विभिन्न धाराओं में वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभयनारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में मुखबिर खास की सूचना पर घाना जाखलौन पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0स0 131/24 धारा 147/148/149/307/323/504/506 भादवि व 7 सी0एल0ए0एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त मंगल पुत्र रामकिशन कबूतरा उम्र 26 वर्ष संजू पुत्र रामकिशन कबूतरा उम्र 24 वर्ष मानसिंह पुत्र जयराम कबूतरा उम्र 25 वर्ष निवासी ऐरावनी थाना पाली को रेलवे स्टेशन जाखलौन से गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम उ.नि. सिद्धगोपाल उ.नि. राजेन्द्र कुमार का. बालेन्द्र का. विकाश कुमार आदि शामिल रहे।

### एसपी ने किया थाना बानपुर का निरीक्षण



ललितपुर। बानपुर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना बानपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय,सीसीटीवी कैमरे , महिला हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्पूर्ण थाना परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एव कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये । मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव,शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु थानाध्यक्ष बानपुर को निर्देशित किया गया । थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को थानाध्यक्ष द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया । बानपुर में लम्वित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने किये जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

### श्री राम अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड जलमग्न

अयोध्या। अयोध्या में शुक्रवार मध्य रात्रि से रुक-रुककर बारिश हो रही है। सुबह दो घंटे की मूसलाधार बारिश के बाद श्री राम जन्मभूमि के मुख्य गेट, श्री राम अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, रेलवे स्टेशन रोड समेत कई कॉलोनियों में बारिश का पानी जमा हो गया। राम जन्मभूमि के पास जलवानपुरा में लोगों के घरों में बारिश का पानी भरा है। यहां ड्रेनेज सिस्टम फेल हो गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 24 घंटों में मध्यम से भारी बारिश के आसार है। श्री राम अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में बारिश का पानी भरने से करीब पांच घंटे इमरजेंसी में सेवाएं बंद रही। अस्पताल के पीछे नाला बंद होने के चलते यह पानी अस्पताल में घुसा। हालांकि इमरजेंसी में आने वाले मरीजों का दूसरे वार्ड में इलाज किया गया। सुबह हुए दो घंटे के मुसालाधार बारिश के चलते राम जन्मभूमि के मुख्य गेट पर भी पानी भर गया। यही स्थिति रेलवे स्टेशन के पुरानी बिल्डिंग और रेलवे स्टेशन मार्ग पर बारिश का पानी एकत्र हो गया। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी। बारिश के बाद राम नगरी के जलवानपुरा में लोगों के घरों में पानी घुस गया है। यहां करीब 50 लोगों के घरों में पानी घुसा हुआ है।

### उन्नाव में सेल्समैन के बेटे ने किया सुसाइड

उन्नाव। उन्नाव के बारासागर थाना क्षेत्र के खारजरा गांव के रहने वाले सेल्समैन के बेटे ने सुसाइड कर लिया। उसका शव शराब के ठेके के बगल में बने कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला है। फंदे से शव लटकता देख परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने बेटे को हत्या कर लटकाए जाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के खरजरा गांव निवासी गंगाधर का 28 वर्षीय बेटा दीपू शुक्रवार की देर रात बाइक से शराब ठेके के पास बने कमरे में पहुंचा। उस कमरे में उसका पिता रहता था। कल उसका पिता घर पर सोया था। बेटा रात में शराब ठेके के बगल वाले कमरे में जाकर सो गया। सुबह काफी देर तक जब बाहर नहीं निकला तो पास के लोगों ने कमरे में जाकर देखा तो नायलॉन की रस्सी से फांसी के फंदे से उसका शव लटकता मिला। घटना की जानकारी लोगों ने पिता गंगाधर को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव देखा तो रो-रोकर बेहाल होने लगे। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी अखिलेश तिवारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक युवक के शव को फंदे से उतार कर जांच पड़ताल की।

### चिटफंड कंपनी बनाकर हड़पे तीन करोड़

ललितपुर। ललितपुर में चिटफंड कम्पनी बनाकर लोगों के करोड़ों रुपए का घालमेल करने के बाद ललितपुर से भागे युवक ने खुद के अपहरण की कहानी रच पत्नी से 30 लाख की फिरौती मांग डाली। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए युवक को तीन साथियों सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपहरण काण्ड का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि कोतवाली तालबेहट के ग्राम खांदी के मजरा रानीपुरा निवासी कमलेश पत्नी मनोज ने 25 जून को एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया था कि उसका पति मनोज गुजरात के अहमदाबाद में कार चलाता है। उसके पति का अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अहमदाबाद से अपहरण कर लिया गया। वो लोग कार भी ले गए। अब वह फिरौती के रूप में 30 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर युवक के सकुशल बरामद करने के लिए चार टीमों का गठन किया था। जिसमें स्वाट टीम, साइबर, सर्विलांस व थाना स्तर की टीमें गठित की गई थी। जब अपहृत युवक के मोबाइल की लोकेशन ली गई एवं जांच की गई तो पता चला कि पीड़िता एवं उसके परिजनों की बातों में विभिन्नता पाई गई।

### उन्नाव में महिला ने किया सुसाइड

उन्नाव। उन्नाव में पति से झगड़े के बाद पत्नी ने जहर खाकर जान दे दी। मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। मां की तहरीर पर पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ककरौरा गांव के रहने वाले राधेश्याम की पत्नी अनीता का किसी बात को लेकर पति से विवाद हो गया था। पति की फटकार से नाराज अनीता ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तब उसे सफीपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल ले गए। यहां उसकी हालत में सुधार होता न देख डॉक्टर ने हैलट रेफर कर दिया। देर रात इलाज के दौरान हैलट में उसकी मौत हो गई। मौत से बेटे सुमित, अमित, शिवम सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सदर कोतवाली के छोटा चौराहा निवासी मायके पक्ष को जानकारी हुई तो उन्होंने हत्या की आशंका जताई। मां मुन्नी देवी ने पति, बेटे व बहू पर हत्या का आरोप लगाकर पुलिस में तहरीर दी है। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी के एक बेटे का जनवरी माह में विवाह हुआ था उसके बाद से बेटा-बहू मिलकर उसकी बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे। उन्होंने जहरीली गोली खिला दी और उसकी मौत हो गई। इंस्पेक्टर श्याम नारायण सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गुलाम हैदर को भारत आने का जल्द मिल सकता है वीजा, खुलेगी सीमा की पोल

-सीमा हैदर के खिलाफ भारतीय अदालतों में दर्ज कराएंगे अपना बयान



इस्लामाबाद। गैरकानूनी तरीके से नेपाल के रास्ते भारत आई सीमा हैदर का पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर भारत आने के प्रयास में है। गुलाम ने कहा था कि वह 10 जून तक भारत आएगा लेकिन वह नहीं आ सका। अब गुलाम ने बताया है कि उसने वीजा प्रक्रिया को पूरा कर लिया है और जल्द ही अपने बच्चों से मिलने भारत जाएंगे और सीमा हैदर की खोलेंगे पोल। अंसार बर्नी ट्रस्ट ने गुलाम की मदद करते हुए भारत में मोमिन मलिक को उसका वकील बनाया था। गुलाम ने कहा कि जल्द ही भारत जाने की तारीख भी तय हो जाएगी। गुलाम ने कहा कि कुछ और लोग भी उनके साथ जाना चाहते थे लेकिन फिलहाल वह अकेले ही भारत जाएंगे। गुलाम ने कहा उसे भारत जाने की तारीख आने का इंतजार है ताकि वह भारत की अदालतों में सीमा के खिलाफ गवाही दे सके। एक महीने तक गुलाम को भारत में रहने का मौका मिल सकता है। ट्रस्ट ने कहा है कि उनको उम्मीद है कि वीजा मिल जाएगा क्योंकि ऐसी कोई वजह नहीं है, जिसको आधार बनाकर वीजा ना दिया जाए। ट्रस्ट की ओर से ये भी कहा गया है कि वकील मोमिन मलिक ने कई सारे मामले सीमा पर लगाए हैं। इन मामलों में गुलाम का बयान जरूरी है और उनको वहां जाकर अपना पक्ष रखने का मौका मिलना चाहिए।

## पाकिस्तानी रक्षा मंत्री का बयान.... तहरीक-ए-तालिबान के खिलाफ एक्शन लेगी सेना

लौहार (ईएमएस)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच तनाव दिख रहा है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि सेना के सैन्य अभियान ऑपरेशन आजम-ए-इस्तेहकाम के तहत तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के ठिकानों को निशाना बनाया जा सकता है। रक्षा मंत्री आसिफ ने पाकिस्तान के कई नेताओं के टीटीपी के साथ बातचीत की संभावना



को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि टीटीपी के साथ बातचीत का कोई आधार नहीं है। एक साक्षात्कार में आसिफ ने कहा कि यह सैन-?य अभियान चलाने का फैसला किसी हड़बड़ी में नहीं लिया गया है। उनका यह बयान उस समय पर आया है जब इमरान की पार्टी ने खुलकर सैन्य अभियान चलाने का विरोध किया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस सैन्य अभियान को लेकर राजनीतिक दलों की चिंताओं को दूर किया जाएगा। साथ ही उनके हर सवाल का जवाब भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सैन्य अभियान का उद्देश्य सीमा के पास टीटीपी के ठिकानों को निशाना बनाना है। आसिफ ने कहा कि देश की एकजुटता से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। उन्होंने अफगानिस्तान के अंदर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने को न्यायोचित बताकर दलील दी कि यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन नहीं करेगा। आसिफ ने कहा कि इसकी वजह यह है कि अफगानिस्तान से पाकिस्तान में आतंकवाद का निर्यात हो रहा है। उन्होंने कहा कि इमरान खान ने 4000 स्लीपर सेल के सदस्यों को आने दिया जो अब पाकिस्तान में अशांति फैला रहे हैं।

## भविष्य में धूम्रपान से भी ज्यादा जोखिम है डिमेंशिया, -हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, डायबिटीज, शिक्षा और धूम्रपान है प्रमुख जोखिम

वाशिंगटन। धूम्रपान से भी ज्यादा जोखिम भविष्य में डिमेंशिया (मनोभ्रंश रोग) के मामलों को बढ़ा सकता है। हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, डायबिटीज, शिक्षा और धूम्रपान समेत आनुवंशिक (जेनेटिक) और पर्यावरणीय कारकों का मिलना मनोभ्रंश रोग के लिए प्रमुख जोखिम फैक्टर है। यह खुलासा हुआ एक ताजा अध्ययन में। शोधकर्ताओं ने कहा, यूरोप और अमेरिका में भी धूम्रपान के स्तर में कमी आई है, क्योंकि यह सामाजिक रूप से अब कम स्वीकार्य होने के साथ ज्यादा महंगा हो गया है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) के शोधकर्ताओं ने पता लगाया कि समय के साथ इन जोखिमों के प्रसार में किस प्रकार परिवर्तन आया है। शोधकर्ताओं की टीम ने 1947 और 2015 के बीच जुटाए गए आंकड़ों और 2020 में प्रकाशित लेटेस्ट शोधपत्र के आधार पर विश्व स्तर पर मनोभ्रंश से पीड़ित लोगों से जुड़े 27 शोधपत्रों का विश्लेषण किया। परिणामों से पता चला कि निम्न शिक्षा और धूम्रपान करने वालों की संख्या में समय के साथ कमी की वजह से डिमेंशिया (मनोभ्रंश रोग) की दरों में गिरावट आई है। समय के साथ मोटापे और डायबिटीज की दरें बढ़ी हैं। साथ ही मनोभ्रंश के जोखिम में भी इनका योगदान बढ़ा है। ज्यादातर अध्ययनों में हाइपरटेंशन (हाई ब्लड प्रेशर) सबसे बड़ा डिमेंशिया (मनोभ्रंश रोग) का कारण बनकर उभरा है। यूसीएल साइकियाट्री की प्रमुख लेखिका नाहिद मुकदम ने कहा, समय के साथ हृदय संबंधी जोखिम ने डिमेंशिया (मनोभ्रंश रोग) के जोखिम को और अधिक बढ़ा दिया है। इसलिए भविष्य में मनोभ्रंश की रोकथाम के प्रयासों के लिए इन पर ज्यादा ध्यान देकर कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का स्तर समय के साथ कई उच्च आय वाले देशों में बढ़ा है। जिसका मतलब है कि यह डिमेंशिया (मनोभ्रंश रोग) का कम महत्वपूर्ण जोखिम कारक बन गया है।

## शराब के कारण सालाना होती है 30 लाख लोगों की मौतें, -डब्ल्यूएचओ ने कहा- हाल के वर्षों में मौतों में आई है कुछ कमी

जिनेवा। शराब की वजह से हर साल करीब 30 लाख लोगों की मौत होती है। हाल के वर्षों में मृत्यु दर में थोड़ी कमी आई है, लेकिन यह 'अस्वीकार्य रूप से उच्च' बनी हुई है। यह कहना है विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का। इस बारे में डब्ल्यूएचओ की नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब की वजह से हर साल दुनिया भर में 20 में से करीब एक मौत होती है, जिसमें शराब पीकर गाड़ी चलाना, शराब के कारण हिंसा और दुर्व्यवहार और कई तरह की बीमारियां और विकार शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 में शराब के सेवन से 2.6 मिलियन मौतें हुईं - नवीनतम उपलब्ध आंकड़े - जो उस साल दुनिया भर में हुई सभी मौतों का 4.7 प्रतिशत है।



इसमें कहा गया है कि इनमें से करीब तीन-चौथाई मौतें पुरुषों की थीं। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा, पदार्थों का सेवन व्यक्तिगत स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है। पुरानी बीमारियों, मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के जोखिम को बढ़ाता है और दुखद रूप से हर साल लाखों लोगों की मृत्यु को रोकता है। उन्होंने बताया कि 2010 से दुनिया भर में शराब के सेवन और उससे होने वाले नुकसान में कुछ कमी आई है। उन्होंने कहा, लेकिन शराब के सेवन के कारण स्वास्थ्य और सामाजिक बोझ अस्वीकार्य रूप से उच्च बना हुआ है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि युवा लोग असमान रूप से प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि 2019 में इसके कारण हुई सभी मौतों में से अनुमानित 1.6 मिलियन गैर-संचारी रोगों से थीं। इनमें से 474,000 हृदय संबंधी बीमारियों से, 401,000 कैंसर से और 724,000 लोग यातायात दुर्घटनाओं और खुद को नुकसान पहुंचाने सहित चोटों से थे। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि 2019 में शराब के कारण होने वाली मौतों का उच्चतम अनुपात - 13 प्रतिशत - 20 से 39 वर्ष की आयु के लोगों में था। शराब पीने से कई तरह की स्वास्थ्य स्थितियां जुड़ी हुई हैं, जिनमें लीवर का सिरोसिस और कुछ कैंसर शामिल हैं।



तेहरान में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में इब्राहिम रईसी की मृत्यु के बाद इब्राहिम रईसी के उत्तराधिकारी को चुनने के लिए त्वरित राष्ट्रपति चुनाव में शुक्रवार को मतदान केंद्र पर वोट देने के लिए कतार में खड़ी ईरानी महिलाएं।

## वर्जीनिया की चुनावी रैली में ट्रंप ने डिबेट में अपने प्रदर्शन का मनाया जश्न




वाशिंगटन। अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। यहां प्रेसिडेंशियल डिबेट जारी है। डिबेट में डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडन पर निशाना साधा। इसके बाद वर्जीनिया में आयोजित एक चुनावी रैली में ट्रंप ने डिबेट में अपने प्रदर्शन का जश्न मनाया। अपने भाषण में ट्रंप ने कई मुद्दों पर बाइडन को घेरा। उन्होंने बाइडन से कहा कि देश उन्हें नहीं चाहता और यहां से भाग जाओ। उन्होंने कहा कि बाइडन राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर नहीं निकल रहे हैं। ट्रंप ने कहा, कल रात के प्रदर्शन के बाद कई लोग कह रहे हैं कि जो बाइडन दौड़ से बाहर हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि मैं ऐसा नहीं मानता। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि बाइडन से डिबेट के मॉडरेटर मिले हुए थे। जिसका अर्थ है कि बाइडन बहस में हेराफेरी करने की कोशिश कर रहे थे। ट्रंप ने अप्रवासियों द्वारा अश्वेत और हिस्पैनिक अमेरिकियों से नौकरियां छीनने के बारे में निराधार आरोप लगाए। बाइडन ने यह याद दिलाए जाने पर कि ट्रम्प के पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ जॉन केली ने कहा था कि ट्रंप ने मृत सैन्य दिग्गजों को मूर्ख और असफल कहा था। ट्रंप ने आरोप से इनकार किया और केली का अपमान करते हुए उन्हें उनमें से सबसे मूर्ख और एक खोई हुई आत्मा बताया।

## चीन के एयरपोर्ट पर अडानी का कब्जा! नेपाल ने भारत से निभाई दोस्ती, जिनपिंग के उड़े होश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अडानी ग्रुप बड़े स्तर पर दुनिया में छाया हुआ है और अब बारी एयरपोर्ट्स की है। खबर है कि नेपाल के एयरपोर्ट्स को अडानी टच मिलने वाला है। बड़ी बात ये है कि नेपाल में जिस एयरपोर्ट को चीन ने बनाया वो एयरपोर्ट भी अडानी ग्रुप संचालित करने जा रहा है। माना जाता है कि पिछले साल भारत की यात्रा के दौरान, नेपाल के प्रधान मंत्री पुष्प कुमार दहल प्रचंड ने नवनिर्मित हवाई अड्डों के प्रबंधन के लिए भारत से मदद मांगी थी। नेपाली अधिकारी अपने तीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के प्रबंधन के लिए भारतीय अरबपति समूह अडानी एंटरप्राइजेज के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। बहुराष्ट्रीय सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध होल्डिंग कंपनी अडानी समूह का हिस्सा है। नेपाली सूत्रों ने कहा कि अडानी एंटरप्राइजेज की सहायक कंपनी अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड




(एएएचएल) के वरिष्ठ अधिकारी नेपाली एजेंसी के निमंत्रण पर काठमांडू में नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) के साथ शुरुआती दौर की वार्ता कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बैठकें जनवरी से हो रही हैं जब समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने 'वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन' के मौके पर राज्य के वित्त मंत्री राम शरण महत के साथ एक बैठक के दौरान नेपाल के हवाई अड्डे और ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश करने में रुचि व्यक्त की थी। हालांकि, अडानी के अधिकारियों ने अभी तक इस मामले पर अंतिम फैसला नहीं किया है, जब तक कि समूह हवाई अड्डों के संचालन की व्यवहार्यता का आकलन नहीं कर लेता। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने वैश्विक निविदा के माध्यम से कम से कम तीन हवाई अड्डों - पोखरा क्षेत्रीय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (पीआरआईए), गौतम बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (जीबीआईए) और त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) के संचालन को तीसरी कंपनी को आउटसोर्स करने का निर्णय लिया है।

मई 2022 में उद्घाटन भैरहवा में गौतम बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण चीन के नॉर्थवेस्ट सिविल एविएशन एयरपोर्ट कंस्ट्रक्शन ग्रुप द्वारा किया गया था। इसे एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और अंतर्राष्ट्रीय विकास के लिए ओपेक फंड द्वारा वित्त पोषित किया गया है। दूसरी ओर, पिछले जनवरी में उद्घाटन किए गए पोखरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण चीन के निर्यात-आयात बैंक से 215 मिलियन डॉलर के ऋण की मदद से किया गया था। इसका निर्माण चाइना सीएएमसी इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ने किया है। पोखरा हवाई अड्डे को नेपाल में चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत निर्मित प्रमुख परियोजना के रूप में वर्णित किया गया है।

## चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने क्यों कि नेहरु को याद

**-पंचशील के सिद्धांतों पर कही ये बात**

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वर्तमान समय के संघर्षों के अंत के लिए पंचशील के सिद्धांतों की प्रासंगिकता को रेखांकित कर पश्चिमी देशों के साथ चीन के संघर्षों के बीच 'ग्लोबल साउथ' में अपने देश का प्रभाव बढ़ाने पर जोर दिया। विदेश मंत्रालय के अनुसार पंचशील के सिद्धांतों को पहली बार औपचारिक रूप से 29 अप्रैल, 1954 को तिब्बत क्षेत्र के बीच व्यापार व संबंध को लेकर चीन और भारत के बीच हुए समझौते में शामिल किया गया था। चीन में इस शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांत जबकि भारत में पंचशील का सिद्धांत कहा जाता है।



तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एनलाई जब सीमा मुद्दे का समाधान खोजने में विफल रहे थे तब उन्होंने पंचशील के सिद्धांतों पर सहमति जाहिर की थी। शी ने कहा, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों ने समय की मांग को पूरा किया और इनकी शुरुआत एक अपरिहार्य ऐतिहासिक घटनाक्रम था।

शी ने सम्मेलन को संबोधित कर कहा, चीन-भारत और चीन-म्यामांर संयुक्त वक्तव्यों में पांच सिद्धांतों को शामिल किया था। इन वक्तव्यों में पांच सिद्धांतों को द्विपक्षीय संबंधों के लिए बुनियादी मानदंड बनाने का आह्वान किया गया था। सम्मेलन में श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे सहित चीन क करीबी देशों के नेता और अधिकारी शरीक हुए। शी ने कहा कि शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पांच सिद्धांतों की शुरुआत एशिया में हुई, लेकिन जल्द ही ये विश्व मंच पर छा गए। उन्होंने कहा कि पंचशील सिद्धांत आज अंतरराष्ट्रीय समुदाय की समान संपत्ति बन चुके हैं।

उन्होंने कहा कि 1955 में बांडुंग सम्मेलन में 20 से अधिक एशियाई और अफ्रीकी देशों ने भाग लिया था। उन्होंने कहा कि 1960 के दशक में उभरे गुटनिरपेक्ष आंदोलन ने भी इन सिद्धांतों को मार्गदर्शक सिद्धांत के तौर पर अपनाया। अमेरिका और यूरोपीय संघ से बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का सामना कर हाल के वर्षों में एशियाई, अफ्रीकी और लातिन अमेरिकी देशों में अपना प्रभाव बढ़ाने की जुगत में लगे चीन का भारत और अन्य विकासशील देशों के साथ संघर्ष हुआ है। इन देशों को मोटे तौर पर 'ग्लोबल साउथ' कहा जाता है।

## हूती विद्रोहियों ने एक पोत पर मिसाइल हमले किए

लंदन। यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजर रहे एक पोत पर मिसाइल हमले किए। ब्रिटिश सेना के समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोही वर्तमान में समुद्री मार्ग पर पोतों को कई बार निशाना बना चुके हैं। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन' (यूकेटीएमओ) केंद्र ने बताया कि विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा के तट से गुजर रहे पोत के पास पांच मिसाइल गिरीं। यूकेटीएमओ ने बताया कि हमलों मे पोत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया था कि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोतों पर दो हमले किए हैं, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यूकेटीएमओ ने किस पोत पर हुए हमले के बारे में बताया है। विद्रोहियों ने मिसाइल और ड्रोन हमलों के जरिए अब तक 60 से अधिक पोत को निशाना बनाया है और इन हमलों में चार नाविक मारे गए हैं। हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व में जनवरी से कई हवाई हमले किए गए हैं। विद्रोहियों के अनुसार, 30 मई को हुए हमले में करीब 16 लोगों की मौत हुई थी और 42 अन्य घायल हुए थे।

## रूस-यूक्रेन जंग खत्म करने की बना रहे हैं योजना : जेलेंस्की

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने कहा, हमारे लिए युद्ध को खत्म करने की एक योजना बनाना बहुत महत्वपूर्ण है, जिसका दुनिया के अधिकांश देशों द्वारा समर्थन किया जाना चाहिए। यह एक कूटनीतिक रास्ता है जिस पर हम काम कर रहे हैं। इससे पहले ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ की शिखर सम्मेलन में, ज़ेलेंस्की ने कहा था कि वह युद्ध को खत्म करने के लिए कुछ ही महीनों में एक विस्तृत योजना पेश करेंगे। सैनिकों और नागरिकों के बीच मौत के बढ़ते आंकड़ों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, हमारे पास बहुत ज्यादा समय नहीं है।

ज़ेलेंस्की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सार्वजनिक बयानों को देखे तो शांति समझौते की शर्तों के मामले में दोनों देश अब भी एक-दूसरे से बिलकुल अलग नज़र आते हैं। शांति समझौते को लेकर यूक्रेन ने बार-बार कहा है कि बातचीत शुरू होने से पहले रूस को अपने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त क्षेत्र से अपने सैनिकों को वापस बुलाना होगा। ज़ेलेंस्की ने इस महीने की शुरुआत में स्विट्जरलैंड में एक अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी। इस सम्मेलन में रूस को नहीं बुलाया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य यूक्रेन के लिए समर्थन जुटाना ही था। 90 से अधिक देशों ने इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में भाग लिया। अधिकतर देशों ने एक विज्ञप्ति पर सहमति भी जताई, जिसमें किसी भी समझौते में यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की जरूरत पर जोर दिया गया। लेकिन भारत जैसे कुछ प्रमुख देश सहमत नहीं हुए और रूस के सहयोगी चीन जैसे कुछ और देशों ने रूस को आमंत्रित नहीं किए जाने के विरोध में शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया था।

## नासा ने बढ़ाई स्टारलाइनर मिशन की अवधि, अभी धरती पर नहीं लौटेंगी सुनीता

**-अंतरिक्ष यात्रियों के स्पेसवॉक में भी आ रही हैं दिक्कतें**

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** नासा की भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और एक अन्य साथी स्पेस में फंसे हुए हैं। सुनीता बोइंग स्टारलाइनर के जरिए वह अपने साथी बुच विल्मोर के साथ स्पेस स्टेशन गई थीं और बोइंग कैप्सूल में खराबी के कारण वह वहां फंस गई।

नासा ने अब कहा है कि उसके दोनों अंतरिक्ष यात्री ज्यादा समय तक स्पेस में ही रहेंगे। क्योंकि इंजीनियर बोइंग कैप्सूल में आई खराबी को सुधारने का काम जारी है। नासा ने जमीन पर परीक्षण पूरा होने तक वापसी की तारीख तय नहीं की और कहा कि अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित हैं। नासा के



स्टीव स्टिच ने कहा कि हमें अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने की कोई जल्दी नहीं है। उन्होंने कहा कि नासा स्टारलाइनर के मिशन की अवधि को 45 से बढ़ाकर 90 दिन करने पर विचार कर रहा है।

बता दें पांच जून को दोनों अंतरिक्ष यात्री बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल में सवार होकर अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए थे। सालों की देरी और असफलताओं के बाद बोइंग का यह पहला अंतरिक्ष यात्री लॉन्च था। यह टेस्ट फ्लाइट करीब एक सप्ताह चलने की उम्मीद थी। विल्मोर और विलियम्स के लिए स्टेशन से जुड़ने के दौरान कैप्सूल की जांच के लिए पर्याप्त समय था लेकिन कैप्सूल के थ्रस्टर में खराबी के कारण नासा और बोइंग को समस्या का विश्लेषण करते समय वापसी की उड़ान में देरी करनी पड़ी।

नासा को अंतरिक्ष यात्रियों के स्पेसवॉक में भी दिक्कतें आ रही हैं। इसी सप्ताह एक अंतरिक्ष यात्री के स्पेससूट से पानी लीक होने के बाद स्पेसवॉक रद्द कर दी गई। समस्या का समाधान नहीं हुआ है और अगले सप्ताह की प्रस्तावित स्पेसवॉक भी रद्द कर दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक स्टारलाइनर की उड़ान से पहले रॉकेट में हीलियम लीक देखने को मिला था। उड़ान के दौरान कई और रिसाव देखे गए। हीलियम का इस्तेमाल थ्रस्टर्स के लिए ईंधन पर दबाव डालने के लिए किया जाता है। पांच फेल थ्रस्टर्स में से चार को ठीक कर लिया गया है। एक थ्रस्टर के ठीक होने की उम्मीद नहीं है।

## पाकिस्तान को अब हथियार देगा अमेरिका? बिना तैयारी कर दिया सैन्य ऑपरेशन का एलान, फंसने पर लगा गिड़गिड़ाने

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अगर लंबे समय तक खाई को घूरेंगे तो खाई भी आपको घूरने लगेगी।' जर्मन दार्शनिक नीत्शे का एक क्योट है। डेढ़ सौ साल पहले कही गई ये बात अब हमारे पड़ोस में साकार हो रही है। पाकिस्तान तालिबान को घूर रहा है, लेकिन क्यों ? क्योंकि तालिबान की परछाई उसके अपने घर में आकार ले रही है। पाकिस्तान वैसे तो आतंकवाद को पालने वाला देश माना जाता है टीटी के आतंक से परेशान होकर देश में आतंकवाद खत्म करने के लिए एक सैन्य अभियान चलाने का ऐलान किया है। लेकिन इस अभियान में पाकिस्तान कामयाब होता हुआ नहीं दिख रहा है।

हाल ही में पाकिस्तान की सरकार ने नाम की सैन्य अभियान को मंजूरी दी है। पाकिस्तान की सरकार का कहना है कि इस सैन्य अभियान का उद्देश्य टीटीपी और दूसरे आतंकी गुटों से लड़ना है। शहबाज शरीफ के कार्यालय की ओर से इसकी घोषणा कर दी गई है। लेकिन ऐसा लगता है कि पाकिस्तान ने इसकी अभी पूरी तरह से तैयारी नहीं की है। ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेकाम (स्थिरता का संकल्प) के ऐलान के तुरंत बाद से ही अमेरिका से हथियारों की मांग शुरू कर दी है। पाकिस्तान ने अमेरिका से छोटे हथियार की मांग की है।

पाकिस्तानी मीडिया संस्थान जियो न्यूज के मुताबिक अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत मुसुद खान ने वाशिंगटन डीसी में विलशन सेंटर के एक कार्यक्रम में कहा कि ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेकाम (स्थिरता का संकल्प) की सफलता सुनिश्चित करने के लिए उनके देश को छोटे हथियारों और दूसरे आधुनिक सैन्य उपकरणों की आवश्यकता है। मुसुद खान ने ये भी कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका को अपने संबधों को मजबूत करने के लिए दूसरे मोर्चे के साथ भी खुफिया सहयोग भी बढ़ाना चाहिए। इसके साथ ही सैन्य प्लेटफॉर्मों की बिक्री फिर से शुरू करनी चाहिए। यह क्षेत्रीय सुरक्षा और आतंकवाद को रोकने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।



# सिर्फ 1 साल में 3 आईसीसी फाइनल, एक सुखद अंत की हकदार है रोहित शर्मा-राहुल द्रविड़ की जोड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यह भारत के कोच के रूप में राहुल द्रविड़ का आखिरी दिन होगा। शनिवार, 29 जून को जब बारबाडोस में पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल में एशियाई दिग्गज दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेंगे तो टी20ई क्रिकेट में भारत के कप्तान के रूप में यह शायद रोहित शर्मा का आखिरी दिन होगा। अरबों सपनों के साथ, सुपरहिट जोड़ी है एक सुखद अंत पर नजर। और यह एक का हकदार भी है! हालांकि, खेल में कोई भी किसी चीज का हकदार नहीं है। आपको उस दिन प्रदर्शन करके दिखाना होता है।

फिर भी, यह उचित होगा यदि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के ताज के लिए भारत का 11 साल का इंतजार रोहित और द्रविड़ के नेतृत्व समूह द्वारा समाप्त हो जाए। 2021 में साथ आने के बाद रोहित और द्रविड़ उतार-चढ़ाव भरे दौर से गुजरे हैं, जिसने यकीनन भारतीय क्रिकेट को फलते-फूलते और ऊपर उठते देखा है। रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ ने प्रक्रियाओं का अच्छा ध्यान रखा है, खासकर 2022 टी20 विश्व कप की हार के बाद। जब द्रविड़ ने 2021 में टीम के मुख्य कोच का पद संभाला, तो उन्हें एक मसीहा के रूप में देखा गया।

यह उस युग के अंत का प्रतीक है जिसमें सफेद गेंद वाली टीम कमजोर दिखती थी और उसमें अजेयता की भावना नहीं थी जो कि सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड द्वारा संचालित टीम में होनी चाहिए थी। टी20 विश्व कप 2021 में जल्दी बाहर होने और 2019 सेमीफाइनल की हार ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारतीय सफेद गेंद क्रिकेट को पाठ्यक्रम में सुधार की जरूरत है। विराट कोहली के कप्तानी से दूर होने के बाद राहुल और रोहित ने टीम में कई सुधार की कोशिश की। धीरे-धीरे यह रंग लाता हुआ भी दिखाई देने लगा।

भारत के निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपने कार्यकाल में अविश्वसनीय निरंतरता दिखाने के लिए राष्ट्रीय टीम की सराहना की। द्रविड़ के नेतृत्व में, भारत आईसीसी टूर्नामेंटों (टी20 विश्व कप 2024 सहित) में तीन फाइनल में पहुंचा है और खेल के तीनों प्रारूपों में शीर्ष टीम का दर्जा प्राप्त किया है। बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल से पहले प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, द्रविड़ ने भारतीय पक्ष की सराहना की और अविश्वसनीय काम करने के लिए भारतीय क्रिकेटरों को श्रेय दिया।

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम टूर्नामेंट में बिना एक भी गेम हारे टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में पहुंच गई है। प्रतियोगिता में भारत का प्रदर्शन 2023 में उनके घरेलू विश्व कप के समान है। भारत फाइनल में प्रबल दावेदार के रूप में आया है, उसने शिखर मुकाबले से पहले बारबाडोस में एक मैच खेला था।




# ब्रैथवेट की कप्तानी में अगले माह टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड जाएगी वेस्टइंडीज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सेंट जॉन्स (ईएमएस)। क्रैग ब्रैथवेट की कप्तानी में वेस्टइंडीज टीम अगले माह इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने 10 जुलाई से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की रिचर्ड्स बॉथम सीरीज के लिए 15 सदस्यीय जो टी घोषित की है। उसमें चोटिल तेज गेंदबाज केमर रोच की जगह पर सेंट किट्स एंड नेविस के तेज गेंदबाज जेरेमिया लुइस को शामिल किया है। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा कि टीम को रोच की कमी खलेगी पर अन्य खिलाड़ी इसके लिए पर्याप्त हैं। रिचर्ड्स बॉथम सीरीज सर विवियन रिचर्ड्स और इंग्लैंड के महान ऑलराउंडर लॉर्ड इयान बॉथम के नाम पर रखी गयी है। इंडीज टीम 4 जुलाई से बेकेनहैम में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 3 दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। 19 वर्षीय तेज गेंदबाज इसाई थॉर्न को भी टीम में जगह मिली है।

टीम इस प्रकार है- क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), एलिक अथानाज़े, जोशुआ दा सिल्वा, जेसन होल्डर, केवम हॉज, टेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), शमर जोसेफ, मिकाइल लुइस, ज़ाचरी मैकास्की, किर्क मैकेंज़ी, गुडाकेश मोती, जेरेमिया लुइस, जेडेन सील्स, केविन सिंक्लेयर, और इसाई थॉर्न।

# आने वाले समय में पारी की शुरुआत करेंगे फेजर : वार्नर



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने युवा बल्लेबाज जेक फेजर-मैकगर्क की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह आने वाले दिनों में टीम की ओर से पारी की शुरुआत करते हुए दिखेंगे। फेजर ने घरेलू क्रिकेट के साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में भी शानदार प्रदर्शन कर अपने को साबित किया था। टी20 विश्वकप में उन्हें रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा गया था हालांकि उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिला था। ऑस्ट्रेलियाई टीम के टी20 विश्वकप से बाहर होते ही वार्नर का अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त हो गया था। वार्नर ने कहा कि टी20 और एकदिवसीय में आने वाले समय में फेजर ही सलामी बल्लेबाज होंगे

वार्नर ने कहा कि 50 ओवर क्रिकेट कैसे खेलना है। यह एक चीज है जो मैंने ट्वेंटी 20 से सीखी है। मुझे सात मैचों के बाद बाहर कर दिया गया क्योंकि मैं वास्तव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। फिर मैंने समझा कि एकदिवसीय क्रिकेट कैसे खेलना है और टी20 क्रिकेट कैसे खेलना है। ऑस्ट्रेलिया टीम ने अभी स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं, ऐसे में फेजर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आया है। इस साल की शुरूआत में इस युवा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के दौरान 2 मैचों में 23 गेंदों पर 51 रन बनाए थे। इससे पहले उन्होंने मार्श कप में मात्र 29 गेंदों में शतक लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था और सबका ध्यान खींचा था। इसके अलावा आईपीएल में भी 36.66 की औसत और 234.04 की जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए थे। इसमें चार अर्धशतक शामिल थे।

# भारतीय टीम ने महिला टेस्ट क्रिकेट में बनाया सबसे बड़ा टीम स्कोर

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के नौ विकेट पर 575 रन के पिछले प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए महिला टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ा टीम स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने रिकॉर्ड बनाने के बाद पहली पारी छह विकेट पर 603 रन बनाकर घोषित की। ऑस्ट्रेलिया ने इस साल पर्थ में यह स्कोर बनाया था लेकिन ऋचा घोष (86 रन) के एनेरी डर्कसन के 109वें ओवर की शुरूआती गेंद पर चौका लगाते ही भारत ने नया रिकॉर्ड बना दिया। इस उपलब्धि का श्रेय काफी हद तक भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (205 रन) और स्मृति मंधाना (149 रन) को जाता है जिन्होंने 292 रन की ऐतिहासिक साझेदारी निभाई जो महिला क्रिकेट में पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी भी है। जेमिमा रोड्रिग्स (55 रना) के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर (69 रन) और ऋचा ने अर्धशतक बनाकर योगदान दिया। भारतीय महिला टीम ने पहले दिन चार विकेट पर 525 रन बनाए थे जो टेस्ट मैच में एक दिन का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर भी था। इससे उसने श्रीलंकाई पुरुष टीम के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया जिसने 2002 में कोलंबो में बांग्लादेश के खिलाफ नौ विकेट पर 509 रन बनाए थे।



# अब कोच की भूमिका में नजर आएगें रिकी पोंटिंग

मुम्बई । ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड अब अमेरिकी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र में खेलेंगे। अब सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया का कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है। इसी का लाभ उठाते हुए हेड ने अमेरिकी लीग में खेलने का फैसला किया है। हेड का कहना है कि वह मेजर लीग में वाशिंगटन फ्रीडम की ओर से खेलेंगे। हेड के अलावा इसमें ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ फ्रीडम भी खेलेंगे। टीम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग रहेंगे। पोंटिंग को इस लीग के लिए ग्रेग शिपर्ड की जगह कोच बनाया गया है। फ्रीडम की ओर से न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र भी खेलेंगे। टीम ने 2023 सत्र के लिए माकर जेन्सन और अकील होसेन जैसे दो विदेशी खिलाड़ियों को भी रखा है। इस लीग में एडम ज़म्पा लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स, स्पेंसर जॉनसन नाइट राइडर्स और टिम डेविड एमआई न्यूयार्क भी खेलेंगे। शामिल हो गए हैं। उन्होंने एमएलसी के दूसरे सत्र के लिए अनुबंध की पुष्टि की है।



# गुस्साएं राहूल द्रविड़ ने क्यों कहा.....ये मेरे उसूलों के खिलाफ

नई दिल्ली । टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल 2023 वनडे वर्ल्ड कप के बाद बढ़ाया गया था। इस टी20 विश्व कप के बाद उनका यह कार्यकाल खत्म हो जाएगा। सोशल मीडिया पर कोच द्रविड़ के लिए विश्व कप जीतने को लेकर कैंपेन चलाया जा रहा है। फैंस उनकें लिए टूर्नामेंट का खिताब जीतने के लिए यह कैंपेन चला रहे हैं। लेकिन द्रविड़ इस बात से नाराज दिख रहे है। द्रविड़ ने कहा कि मैं जिस तरह का इंसान हूं, यह बिल्कुल उसके खिलाफ है। मैं इस तरह की चीजों में यकीन नहीं रखता कि किसी के लिए कोई ट्रॉफी जीतो। मुझे किसी की कही बात याद आती है कि जब पूछा गया, आप एवरेस्ट क्यों चढ़ना चाहते हैं, तब जवाब मिला। मुझे एवरेस्ट चढ़ना है क्योंकि वह वहीं है।

# कैफ ने कोहली का समर्थन किया, कहा– धोनी का भी 2011 में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा

नई दिल्ली । पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने विश्वास व्यक्त किया है कि विराट कोहली एमएस धोनी जैसा वीरतापूर्ण प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं, जैसा उन्होंने 2011 वनडे विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारबाडोस में किया था। कैफ ने कोहली के मौजूदा फॉर्म और 2011 विश्व कप में धोनी के सफर के बीच तुलना की। उन्होंने प्रशंसकों को याद दिलाया कि धोनी ने एक असाधारण टूर्नामेंट नहीं खेलने के बावजूद श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में मौके का फायदा उठाया, नाबाद 91* रन बनाए और लॉन्ग ऑन पर एक यादगार छक्का लगाकर जीत सुनिश्चित की। कैफ ने सुझाव दिया कि कोहली, जिन्होंने अभी तक इस टूर्नामेंट में कोई खास प्रदर्शन नहीं किया है, उनमें धोनी के वीरतापूर्ण प्रदर्शन की नकल करने की क्षमता है। कैफ ने 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, 'विराट कोहली को यह याद रखना चाहिए कि 2011 में धोनी का भी विश्व कप अच्छा नहीं रहा था, लेकिन फाइनल में उन्होंने अपनी फॉर्म हासिल कर ली। वह बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, जो गेंद को अपनी योग्यता के अनुसार खेल सकते हैं और किसी भी गेंदबाजी आक्रमण पर हावी हो सकते हैं। कुलसेकरा की गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर धोनी का छक्का सभी के दिमाग में बसा हुआ है। इसलिए मुझे लगता है कि विराट कोहली के पास हीरो बनने का शानदार मौका है।' पिछले आईसीसी टूर्नामेंट्स में भारत के लिए अहम भूमिका निभाने वाले कोहली इस टूर्नामेंट में अभी तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं। हालांकि कैफ ने उन्हें वनडे विश्व कप में ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके शानदार शतक की याद दिलाई और कोहली को उस पारी से आत्मविश्वास लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, 'उन्हें यह भूल जाना चाहिए कि वह खराब फॉर्म में हैं। उन्होंने तब शतक लगाया था, जब भारत ने आखिरी बार वनडे विश्व कप में ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उस दिन वह शानदार थे और उन्होंने बहुत अच्छा खेला, लेकिन वह उस दिन शानदार प्रदर्शन नहीं कर रहे थे, बल्कि उचित क्रिकेट शॉट्स के साथ गेंद को योग्यता के अनुसार खेल रहे थे।'

# रोहित शर्मा हमें न सिखाएं कि क्या कहना है और क्या नहीं

**-टीम इंडिया के कप्तान के बयान से इंजमाम-उल-हक नाराज**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के गेंदबाजों पर गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाने वाले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक को रोहित शर्मा ने अपने दिमाग का इस्तेमाल करने का आग्रह किया था। रोहित के इस बयान पर इंजमाम बहुत नाराज हुए। उन्होंने टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा पर तीखे हमला करते हुए कहा है कि वह उन्हें न सिखाएं कि क्या कहना है और क्या नहीं।

बता दें कि इंजमाम ने टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 मैच के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्शदीप सिंह द्वारा फेंके गए 15वें ओवर में मिल रही गेंद रिवर्स-स्विंग पर सवाल उठाए थे। टीम इंडिया की 24 रनों से जीत के बाद इंजमान ने दावा किया था कि गेंद पर गंभीरता से काम किया गया, लेकिन रोहित ने धूप में रिवर्स-स्विंग की बारीकियां बताईं। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच से पहले इंजमाम के आरोपों पर कहा था कि यहां के विकेट काफी शुष्क हैं। सभी टीमों को रिवर्स स्विंग मिल रही है। आपको अपना दिमाग खुला रखने की जरूरत है। यह ऑस्ट्रेलिया नहीं है।



इंजमाम ने कहा कि आप किसी ऐसे व्यक्ति को कुछ नहीं सिखाते जिसने वास्तव में दुनिया को सिखाया हो। उसे बताएं कि ये बातें कहना सही नहीं है। हम निश्चित रूप से अपने दिमाग का इस्तेमाल करेंगे लेकिन पहली बात यह है कि रोहित स्वीकार ने किया कि ऐसा हो रहा है। तो इसका मतलब है कि हमने जो देखा वह सही है।

दूसरी बात रोहित शर्मा को हमें यह बताने की जरूरत नहीं है कि रिवर्स स्विंग कैसे काम करती है, कितनी धूप में काम करती है। मैंने अंपायरों को केवल सुझाव दिया था कि अपनी आंखें खुली रखें क्योंकि 15वें ओवर में गेंद घूम रही थी और मैं अभी भी अपनी बात पर अडिग हूं। मैं उनसे फिर कहूंगा अपनी आंखें खुली रखें। क्या हो रहा है?

इंजमान की बात का पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर सलीम मलिक ने भी समर्थन किया है। हालांकि उक्त मामले पर पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि इस मामले को रिपोर्टर को आगे बढ़ाने की जरूरत नहीं थी। हालांकि सहवाग ने यह भी कहा कि अगर वह रोहित की जगह होते तो ऐसी किसी भी टिप्पणी से बचते। बता दें कि भारत टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में पहुंच चुका है और आज 29 जून को बारबाडोस में ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका के साथ फाइनल मैच खेलेगा।

# खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने एशियाई खेलों में योग को शामिल कराने के लिए आईओए का किया समर्थन



नयी दिल्ली। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने एशियाई खेलों में योग को शामिल करने के भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के प्रस्ताव का समर्थन किया है। मांडविया ने एक बयान में कहा, '' योग की अप्रतिम लोकप्रियता को देखते हुए इसे प्रतिस्पर्धी खेलों का दर्जा देकर एशियाई खेलों में शामिल किया जाना चाहिये।'' उषा ने एशियाई ओलंपिक परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह को 26 जून को पत्र लिखकर योग को एक खेल के रूप में एशियाई खेलों में शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। मांडविया ने कहा, '' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किये जाने के लिये काफी मेहनत की है। योग को लोकप्रिय बनाने में भारत अग्रणी रहा है और हमने इसे खेलो इंडिया युवा खेलों में प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में शामिल किया।

# ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से सात जुलाई को पेरिस रवाना होंगी चानू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारोत्तोलक मीराबाई चानू की नजरें अब आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों पर लगी हुई हैं। चानू ने पिछली बार टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता था और इस बार उनका लक्ष्य स्वर्ण जीतना रहेगा। इसी कारण हालत से तालमेल बिठाने के साथ ही अभ्यास के लिए सात जुलाई को पेरिस जा रही है। वह वहां एक महीने तक अभ्यास करेंगी। ओलंपिक में उनका मुकाबला सात अगस्त को होगा।

चानू ने कहा कि वह इन खेलों में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। वह ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली भारत की अकेली भारोत्तोलक है। 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली यह खिलाड़ी पदक के सपने को पूरा करने के लिए अपनी फिटनेस बनाये रखने पर ध्यान दे रही हैं।

इस खिलाड़ी ने कहा, 'पेरिस को लेकर उत्साहित हूं हालांकि थोड़ी घबराहट और तनाव भी है। पिछले तीन साल टोतोक्यो ओलंपिक के बाद हालात बदल गये हैं। भारत के लिए पदक जीतने का दबाव है पर अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही तो देश के लिए पदक जीत सकती हूं।

चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का रहा है। वह चोटों के साथ ही पीठ की समस्या के बाद भी इन खेलों की तैयारी करती रही हैं। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिसके कारण वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं। चोटों से उबरना उनकी बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि वह धीरे-धीरे वजन उठाने की क्षमता को बढ़ा रही है।




मीराबाई ने कहा, 'मैं धीरे-धीरे वजन उठाने की अपनी क्षमता को बढ़ा रही हूं। अभी मैंने 80-85 फीसदी फिटनेस हासिल कर ली है और अभ्यास के दौरान स्नैच में 70 से 80 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 100 से 110 किग्रा का भार उठा रही हूं। हम इसे धीरे-धीरे बढ़ाएंगे। उन्होंने अपने भार उठाने के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'इस बारे में कुछ कहना कठिन पर मेरी कोशिश स्नैच में 90 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में पहले से बेहतर प्रयास करना रहेगा।

# 11 जुलाई से शुरु होगी ... यूपी कबड्डी लीग

नोएडा । 11 से 25 जुलाई तक नोएडा सेक्टर 21ए स्थित नोएडा इंडोर स्टेडियम में यूपी कबड्डी लीग की शुरूआत हो रही है। इस बार आपको कोई भी मुकाबला देखने के लिए कोई फीस नहीं देनी पड़ेगी। कबड्डी के शौकीन लोग अपनी फैमिली और दोस्तों के साथ मिलकर कबड्डी देखने हर रोज जा सकते हैं। इस कबड्डी लीग में यूपी-मुंबई सहित कई टीमें अपना दमखम दिखाएँगी। इस बार यूपी कबड्डी लीग ने नए खिलाड़ियों को प्लेटफार्म दिया है। जिन लोगों को खेलने के लिए कोई प्लेट फार्म नहीं मिल रहा था या फिर अपने सपने को समेटे घर बैठे थे, उन कबड्डी खिलाड़ियों को यूपी कबड्डी लीग ने उतारा है। जो अपना दमखम सबके सामने दिखाएंगे। बता दें कि प्रोग्राम के बारे में यूपीकेएल के संस्थापक संभव जैन और एकेएफआई के संयुक्त सचिव और यूपी कबड्डी एसोसिएशन के सदस्य विनय कुमार सिंह के साथ यूपीकेएल के स्पोर्ट्स एंबेसडर राहुल चौधरी ने बताया कि यह प्रतियोगिता कबड्डी खिलाड़ियों के लिए पेशेवर स्तर पर प्रदर्शन और अनुभव हासिल करने का एक महत्वपूर्ण स्थान देने जा रही है। इसके पहले यूपी कबड्डी लीग ने ट्रॉफी को यूपी के 20 से अधिक प्रमुख शहरों जैसे लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज, झांसी, आगरा, मथुरा, नोएडा जैसे शहरों में प्रदर्शित किया।

# वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स में खेलते दिखेंगे युवराज सिंह और हरभजन सहित कई दिग्गज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह, हरभजन सिंह और सुरेश रैना सहित कई दिग्गज खिलाड़ी एक बार फिर मैदान पर चौके और छक्के लगाते दिखेंगे। युवराज अगले माह जुलाई में इंग्लैंड में आयोजित होने वाले पूर्व क्रिकेटरों के टूर्नामेंट 'वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स में 'इंडिया चैंपियंस की कप्तानी करेंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड से मान्यता प्राप्त इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा इंग्लैंड, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की पूर्व खिलाड़ियों की टीमें हिस्सा लेगी।

'इंडिया चैंपियंस टीम में युवराज के अलावा हरभजन सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान, रॉबिन उथप्पा, अंबाती रायुडू और यूसुफ पठान जैसे दिग्गज क्रिकेटर शामिल हैं। भारतीय टीम अपने मुकाबले एजबेस्टन, बर्मिंघम और नॉर्थम्पटनशर में खेलेगी। टीम की जर्सी के अनावरण के अवसर पर टीम के मालिकों के साथ पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना, पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह और पूर्व लेग स्पिनर राहुल शर्मा भी मौजूद थे।

रैना ने इस मौके पर कहा कि वह 'वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स लीग में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि युवराज और हरभजन के साथ हमने पाकिस्तान के साथ कई मैच खेले हैं। जब आप देश का प्रतिनिधित्व करते हैं तो अच्छा करने की कोशिश होती है। हम इंग्लैंड में पाकिस्तान का सामना करने का ब्रेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने पेशेवर खेल से संन्यास जरूर लिया है पर दिल से कभी क्रिकेट नहीं हटेगा।

**वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के लिए 'इंडिया चैम्पियंस की टीम इस प्रकार है**

युवराज सिंह, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान, रॉबिन उथप्पा, अंबाती रायुडू, यूसुफ पठान, गुरकीरत मान, राहुल शर्मा, नमन ओझा, राहुल शुक्ला, आरपी सिंह, विनय कुमार, धवल कुलकर्णी।



# प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट के तीसरे दौर में गुकेश से ड्रा खेला

बुकारेस्ट। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा तीसरे दौर में हमवतन डी गुकेश से ड्रा खेलने के बाद सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त हासिल करने से चूक गये। टूर्नामेंट में तीन दिन में पहली बार 10 खिलाड़ियों के डबल राउंड रोबिन में सभी पांच मैच ड्रा रहे। अभी 350000 डॉलर की पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में छह दौर बाकी हैं। सभी ड्रा से बढ़त हासिल करने वाले खिलाड़ी के स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुकेश अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। दोनों के दो अंक हैं। कारूआना ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव से ड्रा खेला। मैक्सिम वाचियर लाग्रेव ने अलीरेजा फिरौजा से अंक बांटे। इससे वाचियर लाग्रेव, प्रज्ञानानंदा, अलीरेजा, वेस्ले सो, अनीष गिरी और इयान नपोमनियाच्ची 1.5 अंक लेकर संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं।

# सरकार ने ईपीएस से पैसे निकालने का बदल दिया नियम

## - कर्मचारी पेंशन योजना के 7 लाख से अधिक सदस्यों को लाभ होगा

**नई दिल्ली ।**

सरकार ने कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के पैसे निकालने के नियम बदल दिए हैं। इस संसोधन के बाद 6 महीने से कम अंशदायी सेवा वाले कर्मचारी पेंशन योजना के सदस्य भी ईपीएस खाते से पैसे निकाल पाएंगे। इस संशोधन से प्रत्येक वर्ष कर्मचारी पेंशन योजना के 7 लाख से अधिक ऐसे सदस्यों को लाभ होगा जो 6 महीने से कम अंशदायी सेवा के बाद योजना छोड़ देते हैं।प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) के अनुसार केंद्र सरकार ने टेबल डी को भी संशोधित किया है। अब से विड्रॉल बेनेफिट इस बात पर निर्भर करेगा कि सदस्य ने कितने महीने तक सर्विस किया है और वेतन पर कितना ईपीएस का योगदान किया जाता रहा है। इससे सदस्यों के विड्रॉल बेनेफिट को तर्कसंगत बनाने में मदद मिलेगी। इस संशोधन से 23 लाख से अधिक ईपीएस सदस्यों को लाभ होगा। श्रम मंत्रालय ने बताया कि देश में लाखों ऐसे ईपीएस 95 स्कीम के सदस्य हैं जो पेंशन पाने के लिए 10 वर्ष तक लगातार स्कीम में योगदान करने के नियम के बावजूद बीच में ही स्कीम से बाहर आ जाते हैं। अभी तक के नियमों के मुताबिक तक विड्रॉल बेनेफिट के कैलकुलेशन के लिए सर्विस में पूरे किए गए वर्ष और उस वेतन के आधार पर तय किया जाता है जिस पर ईपीएस के लिए योगदान किया गया है। 6 महीने या उससे अधिक समय तक योगदान करने वाले मेंबर्स ही इस विड्रॉल लाभ ले सकते थे।

ऐसे में जो सदस्य छह महीने से कम समय तक योगदान करने के बाद स्कीम छोड़ देते हैं उन्हें कोई विड्रॉल बेनेफिट नहीं मिलता था। इसके चलते कई लोगों के क्लेम के आवेदन को खारिज कर दिया जाता था। श्रम मंत्रालय के मुताबिक छह महीने से ज्यादा अंशदान के नियम के चलते 2023-24 में 7 लाख विड्रॉल क्लेम के आवेदन को खारिज कर दिया गया। ये ऐसे आवेदन थे जिसमें 6 महीने से कम समय के लिए ईपीएस 95 स्कीम में योगदान किया गया था लेकिन सरकार के इस फैसले के बाद वैसे सभी ईपीएस सदस्य जो 14 जून 2024 तक 58 वर्ष की आयु के नहीं हुए हैं। वे भी पैसे निकालने के हकदार हो जाएंगे।केंद्र सरकार ने टेबल डी को भी संशोधित किया है। अब से विड्रॉल इस बात पर निर्भर करेगा कि सदस्य ने कितने महीने तक सर्विस किया है और वेतन पर कितना ईपीएस का योगदान किया जाता रहा है।

# जेपी मॉर्गन के जीबीआई-ईएम में शामिल हुआ भारत

## - उम्मीद से कम विदेशी निवेश आने पर निवेशक कुछ निराश हुए

**नई दिल्ली ।**




जेपी मॉर्गन के सरकारी बॉन्ड सूचकांक- इमर्जिंग मार्केट्स (जीबीआई-ईएम) में भारत आधिकारिक रूप से शामिल हो गया मगर पहले दिन सरकारी बॉन्ड की यील्ड सपाट रही। उम्मीद से कम विदेशी निवेश आने पर निवेशक कुछ निराश हो गए, जिसका असर यील्ड पर भी पड़ा। बेंचमार्क बॉन्ड की यील्ड करीब 7 फीसदी रही, जो पहले के मुकाबले सपाट ही थी। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज प्राइमरी डीलरशिप के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हो सकता है कि लोगों ने इससे पहले कुछ खरीदा हो। अन्य डेरिवेटिव भी हैं जिनका कुछ फंडों ने उपयोग किया होगा। इसलिए तत्काल खरीदने की जरूरत नहीं है। वे धीरे-धीरे किस्तों में बॉन्ड खरीद सकते हैं। 10 साल समय अवधि वाले बेंचमार्क बॉन्ड की यील्ड कारोबार के दौरान बढ़कर 7.02 फीसदी हो गई थी क्योंकि ट्रेडरों ने मुनाफे में अपने बॉन्ड बेच दिए। एक बड़े सरकारी बैंक के एक डीलर ने कहा कि जिनके पास बॉन्ड हैं वे पिछले कुछ दिनों से उसकी बिकवाली कर रहे हैं क्योंकि जितना निवेश आने की उम्मीद थी, उतना नहीं हुआ। तिमाही के अंत में कुछ मुनाफावसूली भी हुई है। क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार विदेशी बैंकों ने जून में सेकंडरी मार्केट से 46,954 करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्डों की शुद्ध खरीद की। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने पूर्ण सुलभ मार्ग के जरिये इसी महीने 15,616 करोड़ रुपये मूल्य के सरकारी बॉन्ड खरीदे। गुरुवार को सरकारी बॉन्डों में 946 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश आया था। सितंबर 2023 में जेपी मॉर्गन ने घोषणा की थी कि वह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा पूर्ण सुलभ मार्ग (एफएआर) के तहत जारी सरकारी बॉन्डों को अपने जीबीआई-ईएम में शामिल करेगा। सूचकांक में देसी बॉन्ड को 10 महीने में धीरे-धीरे शामिल किया जाएगा। 31 मार्च, 2025 तक हर महीने बॉन्ड का भार 1 फीसदी बढ़ाया जाएगा। इस तरह 10 महीने में भारतीय बॉन्ड का भार बढ़कर चीनी बॉन्ड के बराबर 10 फीसदी हो जाएगा।

# 1 जुलाई से हो जाएंगे पांच बड़े बदलाव, जानना जरूरी है




## - मोबाइल रिचार्ज से लेकर बैंक खाते तक होगा असर

**नई दिल्ली ।**

जुलाई का महीना अपने साथ कुछ बदलाव लेकर आता है। बैंक खाते से लेकर क्रेडिट कार्ड तक के नियमों का असर सीधा आम आदमी की जेब पर होने वाला है। नियमों की जानकारी न होने से कई बार आदमी को बिना वजह शुल्क चुकाना पड़ सकता है। साथ ही कई बार कुछ कामों की डेडलाइन निकल जाने की वजह से वे काम रूक जाते हैं। एक जुलाई से टेलीकॉम रेगुलेटर ट्राई ने सिम स्वैप फ्रॉड को रोकने के लिए सिम कार्ड चोरी होने या डैमेज होने की स्थिति में लॉकिंग पीरिएड को सात दिन तक बढ़ा दिया है। यानी कि अब आपको सिम के लिए सात दिन इंतजार करना होगा। जुलाई में आपको अपना मोबाइल रिचार्ज कराने पर ज्यादा पैसे देने होंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि रिलायंस जियो, वोडाफोन-आईडिया और एयरटेल ने अपने टैरिफ बढा दिए हैं।हर महीने की पहली तारीख को पेट्रोलियम कंपनियां एलपीजी सिलेंडर और एटीएफ की कीमतों को संशोधित करती है। ऐसे में एक जुलाई से गैस सिलेंडर पर आपको राहत भी मिल सकती है। 1 जुलाई से क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट के नए नियम लागू हो जाएंगे। इसमें सभी बैंकों को क्रेडिट कार्ड पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम के जरिए से प्रोसेस करना होगा। हालांकि, बैंकों ने अभी तक इन निर्देशों का पालन नहीं किया है। अभी तक सिर्फ 8 बैंकों ने ही बीबीपीएस पर बिल पेमेंट एक्टिव किया है। अगर आपका पंजाब नेशनल बैंक में खाता है और उसे आपने लंबे समय से उपयोग नहीं किया है तो वह 1 जुलाई से काम नहीं करेगा। बैंक ने अपने नोटिफिकेशन में कहा है कि 30 अप्रैल 2024 तक जिन खातों को इस्तेमाल किए हुए 3 साल से अधिक का वक्त हो गया है उस तरह के खाते को बैंक अब एक महीने के भीतर बंद कर देगा। बैंक ने ग्राहकों को असुविधा से बचाने के लिए 30 जून 2024 तक की समयसीमा तय की है।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 653 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली ।**

पिछले सप्ताह की गिरावट के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 जून को खत्म हुए सप्ताह में 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.71 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार 7 जून को 655.82 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 21 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली फॉरेन करेंसी एसेट्स 10.6 करोड़ डॉलर घटकर 574.13 अरब डॉलर रही। उल्लेखनीय है कि कुल विदेशी मुद्रा भंडार में एफसीए एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किए जाने वाले एफसीए में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी करेंसी में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। आरबीआई ने कहा कि ने कहा कि रिपोर्टिंग वीक के दौरान गोल्ड रिजर्व का मूल्य 98.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 56.96 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक ने कहा कि स्पेशल ड्राइंग राइट्स विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.05 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के मुताबिक रिपोर्टिंग वीक में इंटरनेशनल मोनेटरी फंड के पास भारत की रिजर्व पोजीशन 90 लाख डॉलर घटकर 4.57 अरब डॉलर रह गई।



# आरबीआई ने एचएसबीसी पर लगाया 29.6 लाख का जुर्माना

**मुंबई ।**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हांगकांग व शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएसबीसी) पर 29.6 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि एचएसबीसी पर यह जुर्माना आरबीआई द्वारा बैंकों के क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और रुपया मूल्यवर्गित सह-ब्रांडेड प्रीपेड कार्ड परिचालन पर जारी कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लगाया गया है। आरबीआई के अनुसार 31 मार्च 2022 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में उसके द्वारा पर्यवेक्षी मूल्यांकन के लिए वैधानिक निरीक्षण (आईएसई 2022) किया गया। इसमें पाया गया कि आरबीआई के निर्देशों का पालन नहीं किया गया। उस संबंध में संबंधित पत्राचार के आधार पर बैंक को एक नोटिस जारी किया गया था। उसमें बैंक को कारण बताने को कहा गया था और पूछा गया था कि उक्त निर्देशों का पालन करने में विफल रहने के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। आरबीआई ने कहा कि नोटिस पर बैंक के जवाब, व्यक्तिगत पेशी के दौरान दिए गए मौखिक जवाब और उसके द्वारा दी गई अतिरिक्त जानकारी पर गौर करने के बाद उसने पाया कि अन्य बातों के साथ-साथ, बैंक के खिलाफ आरोप साबित होते हैं जिसके लिए मौद्रिक जुर्माना लगाया जाना आवश्यक था। इसमें कहा गया कि बैंक यह बताने में विफल रहा कि कुछ क्रेडिट कार्ड खातों में न्यूनतम भुगतान देय की गणना करते समय कोई नकारात्मक परिशोधन नहीं था। हालांकि, आरबीआई ने कहा कि यह जुर्माना वैधानिक तथा नियामकीय अनुपालन में कमियों पर आधारित है। इसका मकसद बैंक द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी लेनदेन या समझौते की वैधता पर सवाल उठाना नहीं है। इसके अलावा मौद्रिक जुर्माना लगाने से आरबीआई द्वारा बैंक के खिलाफ शुरू की जाने वाली किसी भी अन्य कार्रवाई पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# कोयला आयात वृद्धि दर में पिछले दशक में आई गिरावट

**नई दिल्ली ।**

कोयला आयात में वार्षिक वृद्धि पिछले एक दशक में वित्त वर्ष 2023-24 तक घटकर 2.49 प्रतिशत रह गई है। कोयला मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 तक कोयला आयात की संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 21.48 प्रतिशत रही। हालांकि 2014-15 से 2023-24 तक कोयला आयात की सीएजीआर केवल 2.49 प्रतिशत रही है। बयान के अनुसार इसके अलावा वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान आयातित कोयले की हिस्सेदारी का सीएजीआर 13.94 प्रतिशत था। जबकि पिछले दशक के दौरान यह आंकड़ा गिरकर शून्य से नीचे लगभग 2.29 प्रतिशत हो गया। मंत्रालय ने बयान में कहा कि घरेलू कोयला संसाधनों के अनुकूलन और नवीन तकनीकी समाधानों का लाभ उठाने पर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करते हुए देश ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भरता की ओर अपनी यात्रा जारी रख रहा है। बयान के अनुसार विश्व में पांचवें सबसे बड़े कोयला भंडार से संपन्न भारत इस ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है।



# पिछले 20 वर्षों में वित्तीय क्षेत्र पर 20,000 साइबर हमले हुए

**मुंबई ।**

आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार पिछले 20 वर्षों में वित्तीय क्षेत्र पर 20,000 से अधिक साइबर हमले हुए, जिसके परिणामस्वरूप 20 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया की दिसंबर 2023 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में ऐसे 25 फीसदी हमले ईमेल और वेबसाइटों में दुर्भावनापूर्ण लिंक पर क्लिक करने से होते हैं। आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट का हवाला देते हुए लिखा गया है कि वित्तीय संस्थानों पर साइबर हमलों के 69 प्रतिशत मामले अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) द्वारा, 19 प्रतिशत शहरी सहकारी बैंकों द्वारा और 12 प्रतिशत गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) द्वारा रिपोर्ट किए गए। इसके कारण बैंकों ने 2023-24 में अपने बीमा कवर को पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 8 फीसदी बढ़ा दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय संस्थानों को जारी परामर्श में कहा गया है कि संभावित साइबर हमलों के संबंध में प्राप्त विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के मद्देनजर विनियमित संस्थाओं को सलाह दी जाती है कि वे इन खतरों से बचाव के लिए निगरानी और तन्यकता क्षमताओं को उन्नत करें।

# सरकार की एयरलाइंस को चेतावनी, कहा- न बढ़ाएं किराया

**नई दिल्ली ।**



बारिश की वजह से इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर हुए बड़े हादसे के बाद सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने एयरलाइंस कंपनियों को ये सुनिश्चित करने को कहा है कि दिल्ली से उड़ान भरने या यहां आने वाले उड़ानों के हवाई किरायों में कोई असामान्य बढ़ोतरी ना हो। एयरपोर्ट के टी-1 पर इंडिगो और स्पाइसजेट की घरेलू फ्लाइट्स का संचालन होता है। टी-1 के बंद होने के कारण कई फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं और परिचालन को अस्थायी रूप से टी-2 और टी-3 पर स्थानांतरित कर दिया गया है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि विमानन कंपनियों को सलाह दी गई है कि एयरपोर्ट पर हुए इस हादसे के चलते उड़ानों के रद्द करने या रीशेड्यूल करने पर यात्रियों से कोई जुर्माना नहीं वसूला जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद सभी विमानन कंपनियों को सलाह दी जाती है कि वे दिल्ली से आने-जाने वाली फ्लाइट्स के किराए में किसी भी असामान्य वृद्धि पर नजर रखें और इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करें। कैंसिल की गई फ्लाइट्स के रिफंड की निगरानी करने या यात्रियों के लिए वैकल्पिक यात्रा रूट टिकट प्रदान करने के लिए एक वॉर रूम स्थापित किया जाएगा। सभी रिफंड की प्रक्रिया 7 दिन के भीतर शुरु हो जाएगी।

# विदेशी निवेशकों के सहारे बाजार ने बनाया नया रिकॉर्ड

- सेंसेक्स 210 अंकों की गिरावट के साथ 79,032 पर बंद
- निफ्टी 33 अंक फिसलकर 24,010 पर बंद हुआ

**मुंबई ।**




पिछला सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों के लिए बेहद खास रहा, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के सपोर्ट से बाजार ने नया रिकॉर्ड स्तर बनाया। शेयर बाजार में लगातार चार दिनों दिन जोरदार तेजी रही, शुक्रवार को भी बाजार में अच्छी खासी बढ़त रही लेकिन बंद होते ही बाजार रिकॉर्ड स्तर पर फिसलकर बंद हुए। पिछले सप्ताह के शेयर बाजार के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को कमजोर शुरुआत हुई। सेंसेक्स में शुरुआती कारोबार के दौरान 316.10 अंक फिसलकर 76,903.35 पर खुला और 131.18 अंकों की बढ़त के साथ 77,341.08 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 110.85 अंकों की गिरावट के साथ 23,390.25 के स्तर पर खुला और 36.75 अंक मजबूत होकर 23,537.85 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार के कारोबारी सत्र के दौरान निजी क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में अच्छी मजबूती दिखी। सेंसेक्स 523.54 अंकों की बढ़त के साथ के 77,864.62 स्तर पर खुला और 712 अंकों की बढ़त के साथ 78,053.52 पर बंद हुआ। निफ्टी 131.20 अंक उछलकर 23,669.05 के स्तर पर खुला और 83.46 अंक मजबूत होकर 23,721.30 के स्तर पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 54.48 अंकों बढ़त के साथ 78,092.65 के स्तर पर खुला और 620.73 अंकों की मजबूती के साथ 78,674.25 पर बंद हुआ। निफ्टी 4.30 अंक चढ़कर 23,725.60 पर खुला और 147.50 अंकों की मजबूती के साथ पहली बार 23,850 का स्तर पार कर 23,868.80 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 124.05 अंक की गिरावट के साथ 78,550.20 अंक पर खुला और 568.93 अंकों की बढ़त के साथ पहली बार 79,243.18 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 34.00 अंक की नरमी के साथ 23,834.80 पर खुला और 175.71 अंकों की बढ़त के साथ 24,044.50 के स्तर पर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी मजबूती के साथ नए शिखर पर पहुंच गए। शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 265.46 अंकों की मजबूती के साथ 79,483.72 पर खुला और 210.45 अंकों की गिरावट के साथ 79,032.73 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 78.60 अंक मजबूत होकर 24,123.10 पर खुला और 33.91 अंक फिसलकर 24,010.60 पर बंद हुआ।

# नोएडा फिल्म सिटी से 50,000 रोजगार के अवसर मिलेंगः यूपी सरकार

**नोएडा ।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी परियोजना का निर्माण छह महीने के भीतर शुरू हो सकता है और इससे 50,000 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा लगभग सात लाख लोग अप्रत्यक्ष रूप से भी लाभान्वित होंगे। फिल्म निर्माता बोनी कपूर और रियल एस्टेट डेवलपर आशीष भूटानी द्वारा समर्थित गठजोड़ बेव्यू प्रोजेक्ट्स ने फिल्म सिटी के विकास के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के उपक्रम यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। बयान के मुताबिक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण छह महीने के भीतर शुरू हो जाएगा और तीन साल के भीतर यहां फिल्म शूटिंग और संबंधित गतिविधियां भी शुरू हो जाएंगी। सरकार ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य फिल्म उद्योग में अवसर चाहने वाले राज्य के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और मुंबई, हैदराबाद और चेन्नई जैसे स्थापित केंद्रों के लिए एक व्यवहार्य विकल्प प्रदान करना है।

# लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें यथावत रहेंगी

## - सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) एवं अन्य लघु बचत योजनाओं पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए ब्याज दरों में कोई भी बदलाव नहीं किया है। सरकार ने ब्याज दरों को लेकर यह ऐलान किया। एक जुलाई, 2024 से शुरू होने वाली तिमाही के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को यथावत रखा है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही एक जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें पहली तिमाही एक मार्च से 30 जून 2024 तक के लिए अधिसूचित दरों के समान ही रहेंगी। अधिसूचना के मुताबिक, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर दर 7.1 प्रतिशत रहेगी। पीपीएफ और डाकघर बचत जमा योजना की ब्याज दरें भी क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बनी रहेंगी। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी तथा यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। जुलाई-सितंबर 2024 की अवधि के लिए राष्ट्रीय बचत पत्र पर ब्याज दर 7.7 प्रतिशत रहेगी। सितंबर तिमाही में भी डाकघर मासिक आय योजना के निवेशकों को पहले की तरह 7.4 प्रतिशत ब्याज देगी। सरकार हर तिमाही में डाकघरों और बैंकों द्वारा संचालित लघु बचत योजनाओं के लिए ब्याज दरों को अधिसूचित करती है। इस स्कीम में हर वित्त वर्ष में न्यूनतम 500 रुपये का निवेश करना ही होता है। इस स्कीम में किया गया निवेश भी टैक्स छूट के लिए पात्र होता है। इस योजना में एक साल में अधिकतम 1.5 लाख रुपये का निवेश किया जा सकता है। इस स्कीम में न्यूनतम 1000 रुपये और अधिकतम 30 लाख रुपये तक का निवेश किया जा सकता है। अगर इसके ब्याज से होने वाली कुल आय 50,000 वित्त वर्ष से ऊपर निकल जाती है तो उस पर टैक्स देना होता है। यह अकाउंट 1000 रुपये के न्यूनतम निवेश के साथ शुरू किया जा सकता है। इंडिविजुअल अकाउंट में इसमें 9 लाख रुपये और जॉइंट अकाउंट में अधिकतम 15 लाख रुपये लगाए जा सकते हैं। इस अकाउंट में न्यूनतम निवेश 1000 रुपये का करना होता है। अधिकतम निवेश के लिए कोई सीमा नहीं है। इसका मैच्योरिटी पीरियड 5 साल का है।

# सरकार की सकल देनदारियां मार्च तक 3.4 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली ।** सरकार की कुल सकल देनदारियां दिसंबर के ओ खिर में 166.14 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2024 तक 171.78 लाख करोड़ रुपये हो गईं। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सार्वजनिक ऋण प्रबंधन तिमाही रिपोर्ट जनवरी-मार्च, 2024 में कहा गया कि यह आंकड़ा तिमाही आधार पर 3.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक समीक्षाधीन तिमाही के दौरान सार्वजनिक ऋण कुल सकल देनदारियों का 90.2 प्रतिशत था। इसमें कहा गया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान, अंतरिम बजट में घोषित उधार योजना के अपेक्षा से कम रहने के चलते भारतीय घरेलू बॉन्ड के प्रतिफल में नरमी आई। राजकोषीय घाटे के काबू में रहने, एफपीआई प्रवाह और स्थिर मुद्रास्फीति से इसमें मदद मिली। दूसरी ओर समीक्षाधीन तिमाही के दौरान अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल अस्थिर रहा, जो मुख्य रूप से फेडरल रिजर्व की कार्रवाई, मुद्रास्फीति और रोजगार डेटा से प्रभावित था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान अमेरिकी 10 वर्षीय प्रतिफल 4.33 प्रतिशत के उच्च स्तर पर पहुंच गया। रिपोर्ट के मुताबिक नए निर्गमों पर भारित औसत प्रतिफल 2023-24 की तीसरी तिमाही के 7.37 प्रतिशत की तुलना में 2023-24 की चौथी तिमाही में 7.19 प्रतिशत तक नरम हो गया। इसके अलावा दिनांकित प्रतिभूतियों के निर्गमों की भारित औसत परिपक्वता 2023-24 की चौथी तिमाही में 18.75 वर्ष हो गई। यह 2023-24 की तीसरी तिमाही में 18.80 थी।

# बंगाल सरकार सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में दैनिक कामकाजी समय बढ़ाएगी

**कोलकाता ।**

पश्चिम बंगाल सरकार राज्य में एक जुलाई से दैनिक कामकाजी घंटों की सीमा 30 मिनट बढ़ाने जा रही है। राज्य के आईटी उद्योग मंत्री बाबुल सुप्रियो ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस निर्णय के साथ सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि हालांकि सप्ताह में अधिकतम 48 कामकाजी घंटों की सीमा में कोई बदलाव नहीं होगा। सरकार जल्द ही इस संबंध में आदेश जारी कर सकती है। सुप्रियो ने कहा कि अन्य राज्यों से प्रतिस्पर्धा में तालमेल बनाए रखने और पश्चिम बंगाल के आईटी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दैनिक कामकाजी समय सीमा को 8.30 घंटे से बदलकर नौ घंटे करने को हरी झंडी दे दी है। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक कामकाजी समय सीमा 48 घंटे ही रहेगी। उद्योग जगत दैनिक कामकाजी समय सीमा बढ़ाने की मांग कर रहा था क्योंकि वे आम तौर पर पांच दिन का कामकाजी सप्ताह अपनाते हैं। यानी कि आईटी क्षेत्र की कंपनियां अपने ग्राहकों को अब 42.5 घंटे के बजाय 45 घंटे का बिल दे सकती हैं। यह जुलाई से प्रभावी होगा।




# FOR SALE REAL ESTATE

We provide several modern-style houses that are very suitable for your family, with several types of interesting facilities in them. Get it soon, limited units.



Our housing is close to public roads and it's very easy to access by public transportation.



Our housing also has a public garden, where all residents can enjoy it.



Our housing has a playground for children that the children will definitely like.

**For More Information you can contact us**

Noida || Greater Noida || Yamuna Expressway || Jewar Airport

**or visit us at**

+91 9871577057 www.propreluxuryrealestate.com


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in